

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 3 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-303 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 4 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## राज्यसभा में ट्रेड डील पर संग्राम

### नड्डा बोले- कांग्रेस का रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** राज्यसभा में भारत-अमेरिका समझौते को लेकर विपक्ष की नारेबाजी के बीच, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार समझौते का विवरण साझा करते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए एक बयान जारी करेगी और सदन में इस पर चर्चा करने के लिए भी तैयार है। जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि कल देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ को लेकर ट्वीट किया और प्रधानमंत्री मोदी को सच्चा मित्र बताया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद देते हुए और व्यापार को लेकर ट्वीट किया। सरकार इस व्यापार समझौते पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक बयान जारी करेगी और इस पर चर्चा भी करेगी। नड्डा ने व्यापार समझौते पर कांग्रेस की आपत्ति पर भी जमकर निशाना साधा और सदन में उनकी नारेबाजी को गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बताया, जो उनके अनुसार लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि जब सरकार विस्तृत बयान देने को तैयार है, तब कांग्रेस और भारत-भारत गठबंधन का यह रवैया गलत है। उनका यह तरीका लोकतंत्र के लिए खतरा है।



यह कांग्रेस का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। यह उनकी हताशा है जो बोल रही है। यह तब हुआ जब भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौता हुआ जिसके तहत भारतीय निर्यात पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। हालांकि, कांग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पूरा विवरण मांगा है और कई अहम पहलुओं पर सवाल उठाए हैं, जैसे कि कृषि क्षेत्र को खोलने के दावे, टैरिफ को "शून्य" करने की मांग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा किए गए रूसी तेल की खरीद पर रोक।

X पर एक पोस्ट में, कांग्रेस ने पहले समझौते की घोषणा के तरीके पर सवाल उठाया, फिर डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साझा किए गए विवरणों की गहराई से जांच की। पार्टी ने कहा कि अमेरिका के खिलाफ टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को 'शून्य' करने से भारत पर 'असर' पड़ेगा और यह भी सवाल उठाया कि कृषि क्षेत्र को खोलने से 'किसानों की सुरक्षा' कैसे सुनिश्चित होगी। कांग्रेस ने कहा कि युद्धविराम की तरह ही व्यापार समझौते की घोषणा भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की है। इसमें कहा गया है कि यह व्यापार समझौता 'मोदी के अनुरोध पर' किया जा रहा है।

#### लोकसभा में भी हंगामा

आज प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा लगातार नारेबाजी के बाद संसद के निचले सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की अध्यक्षता करते हुए सांसद कृष्ण प्रसाद टेनेटी ने इंडिया ब्लॉक के सांसदों से सदन में प्रदर्श न उठाने को कहा। लगातार विरोध प्रदर्शनों के बीच टेनेटी ने सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा का सत्र, जो सुबह 11 बजे शुरू हुआ था, इंडिया ब्लॉक के सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाने के बाद पहले 11:08 बजे स्थगित कर दिया गया था।

## वॉट्सएप को चीफ जस्टिस की नसीहत

### नियम नहीं मानने हैं तो भारत छोड़कर निकल जाओ

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने मेटा और वॉट्सऐप को फटकार लगाते हुए कहा है कि कोई भी कंपनी डेटा शेयरिंग के नाम पर इस तरह से देश की जनता के निजते के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकती है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर भारत के नियम नहीं मानने हैं तो तुम्हें देश छोड़कर निकल जाना चाहिए। मेटा और वॉट्सऐप ने कॉम्पटीशन कमिशन ऑफ इंडिया के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है जिसमें उनपर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जयमाला बागची, जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि 9 फरवरी को इस मामले में अंतरिम आदेश पारित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों की गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम नागरिक उन्हें समझ ही नहीं पाएंगे और ये कंपनियां उनका डेटा चोरी करती रहेंगी। कोर्ट ने कहा कि वह प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों को उन उपभोक्ताओं का डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगा जिनके साथ असान समझौते किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सऐप और मेटा की याचिकाओं के मामले में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पक्षकार बनाया और कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि 'ऑप्ट आउट का विकल्पही कहां है?' अगर यूजर डेटा शेयर नहीं करना चाहता तो उसे इससे बाहर रहने का विक्लपमिलना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि टेक जॉयन्ट्स को इस तरह से डेटा शेयर करने की परमीशन नहीं मिलेगी। वहीं वॉट्सऐप की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील अखिल सिब्बल ने कहा कि प्लैटफॉर्म की पॉलिसी से बाहर रहने का भी ऑप्शन है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2024 नवंबर में एक आदेश पारित किया था। इसमें कहा गया था कि वॉट्सऐप की 2021 में गोपनीयता नीति की जांच की गई और पाया गया कि यूजर्स पर मानो या तो छोड़ दो की नीति थोप दी गई है।

## कोयला लेवी घोटाला: आरोपी सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर को नहीं मिली जमानत

**बिलासपुर,3 फरवरी।** कोयला लेवी घोटाले में आरोपी सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर को हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है. हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए आर्थिक अपराध को गंभीर बताते हुए इससे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की बात कही.बता दें कि 540 करोड़ की अवैध कोयला लेवी घोटाले में आरोपी सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर नारायण साहू के खिलाफ दो साल पहले स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था, तब से वह फरार चल रहा है. एसीबी-ईओडब्ल्यू का आरोप है कि उसने कोयला सिंडिकेट की ओर से करीब 13 करोड़ रुपए की अवैध नगदी इकट्ठा की थी, जिसमें से करीब 7.5 करोड़ रुपए अधिकारियों और नेताओं तक पहुंचाए थे. जांच में पता चला है कि कुछ निजी व्यक्तियों के एक समूह ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों की मिलीभगत से जुलाई 2020 से जून 2022 की अवधि के दौरान ट्रांसपोर्ट किए गए कोयले के प्रति टन 25 रुपए की दर से कोयला ट्रांसपोर्टरों से पैसे वसूलने के लिए एक रैकेट बनाया था. इस अवधि के दौरान सिंडिकेट द्वारा लगभग 540 करोड़ रुपए अवैध रूप से वसूले गए. जबरन वसूली गई नकदी का इस्तेमाल सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत देने, चुनाव से संबंधित खर्चों को फंड करने और चल और अचल संपत्तियों को खरीदने के लिए किया गया था. अब तक आरोपी व्यक्तियों से संबंधित 273 करोड़ रुपए की संपत्तियों की पहचान कर अटैच किया गया है. जांच के दौरान ईडी ने अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 35 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पांच अभियोजन शिकायतें विशेष न्यायालय के समक्ष दायर की गई हैं. एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि मामले में आगे की जांच जारी है.

## मणिपुर में फिर बनेगी भाजपा सरकार

नई दिल्ली,3 फरवरी। क्या मणिपुर में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी? इसके कयास तेज हो गए हैं क्योंकि भाजपा में मणिपुर से लेकर दिल्ली तक भागदौड़ तेज हो गई है। मणिपुर के 20 से ज्यादा भाजपा विधायक दिल्ली पहुंचे थे और अब पार्टी ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। राज्य में अगले साल ही राष्ट्रपति शासन खत्म होने वाला है और उससे पहले पार्टी के नेता चाहते हैं कि सरकार बना ली जाए। सोमवार को भाजपा ने मणिपुर में पर्यवेक्षक के तौर पर तरुण चुग को नियुक्त कर दिया है, जो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। अब किसी भी दिन मणिपुर में एनडीए विधायकों की मीटिंग हो सकती है और नेता का चुनाव हो सकता है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि नई सरकार में राज्य में एक डिप्टी सीएम भी होगा। मैतेई समुदाय से मुख्यमंत्री बनने की संभावना है तो वहीं कुकी समुदाय के किसी नेता को डिप्टी सीएम के तौर पर जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसा इसलिए ताकि राज्य में यह संदेश जाए कि सरकार सभी को साथ लेकर चल रही है। बीते सालों में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच तनाव देखा गया था और भीषण हिंसा हुई थी। इसी स्थिति से बचाव के लिए भाजपा अब कुकी समाज से एक डिप्टी सीएम बना सकती है। अब बात मुख्यमंत्री की करें तो बीरेन सिंह की सरकार में असेंबली स्पीकर रहे सत्यब्रत सिंह और पूर्व मंत्री टीएच बिस्वजीत सिंह और के. गोविंद दास को मौका मिल सकता है। ये सभी नेता मैतेई समुदाय के ही हैं। दरअसल भाजपा के भीतर भी तनाव की स्थिति है। कुकी विधायकों का कहना है कि उनके समुदाय का दबाव है। ऐसी स्थिति में यदि कुकी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो उनके लिए सरकार का हिस्सा बनना मुश्किल होगा। ऐसी मांग कुकी विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व से की है। इसी को लेकर सरकार अब विचार कर रही है। यही नहीं कुछ विधायकों का कहना है कि मणिपुर को केंद्र शासित प्रदेश ही बना देना चाहिए, जिसकी अपनी विधानसभा भी हो।

बता दें कि मणिपुर में पहली बार 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लागू किया था। यह 6 महीने के लिए ही था और फिर अगस्त 2025 में एक बार फिर से इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एन. बीरेन सिंह ने बीते साल फरवरी में ही सीएम पद छोड़ दिया था। बता दें कि मणिपुर में विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है। ऐसे में विधायक चाहते हैं कि कम से कम एक साल के लिए ही नए सिरे से सरकार का गठन हो और कुछ काम करके ही जनता के बीच चुनाव में जाया जाए। फिलहाल 60 सीटों वाले मणिपुर सदन में भाजपा के 37 विधायक हैं।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी कार,व्यापारी की मौत

### पत्नी और 2 बच्चों की हालत गंभीर

**बालोद,3 फरवरी।** जिले के लोहाराथाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा संबलपुर नर्सरी के पास उस समय हुआ, जब सामने अचानक आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार, कार में सवार परिवार बालोद से देवरीपसौद स्थित अपने घर जा रहा था। रास्ते में संबलपुर नर्सरी के पास अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार चला रहे व्यापारी भूपेंद्र गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद मौके पर मौजुद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार के शीशे तोड़कर अंदर फंसे बच्चों को बाहर निकाला और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला राघोनवागांव स्थित शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत बताई जा रही हैं। फिलहाल उनका और दोनों बच्चों का इलाज अस्पताल में जारी है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना मिलने पर लोहाराथाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## ट्रक से टक्कर के बाद पेड़ से जा टकराई श्रद्धालुओं से भरी बस, एक की मौत,15 घायल

सूरजपुर,3 फरवरी। श्रद्धालुओं को लेकर बनारस जा रही एक यात्री बस सोमवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गई। अंबिकापुर–बनारस मार्ग पर गंगापुर के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में लगभग 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल यात्री की अंबिकापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का उपचार जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि अन्य का उपचार निगरानी में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बस रायगढ़ जिले के तमनार से श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी (बनारस) के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में गंगापुर के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने स्थिति सामान्य होने पर बहाल कराया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## आधी रात हाईवे पर फिल्मी स्टाइल में लूट,4 बंदी

**रतनपुर-बिलासपुर,3 फरवरी।** नेशनल हाईवे-130 पर स्थित हाईवे किंग ढाबा के पास हुई लूट की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला आपसी लेन-देन और ठगी के बदले से जुड़ा निकला। पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटी गई कार, मोबाइल और नकदी समेत घटना में इस्तेमाल किए गए वाहन भी बरामद कर लिए गए हैं। जांच में यह बात सामने आई कि लुटेरों ने पीड़ित से अपना पुराना हिसाब चुकता करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। घटना की शुरुआत तब हुई जब कोरबा निवासी विजय कुमार राज अपनी महिला रिश्तेदारों के साथ मेला देखकर लौट रहे थे। रतनपुर के पास ढाबे के करीब गाड़ी रुकते ही दो कारों में सवार चार युवकों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी स्विफ्ट डिजायर कार, मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। हालांकि, जब जांच टीम ने आरोपियों को सरगुजा और कोरिया जिले से घेराबंदी कर पकड़ा, तो कहानी में नया मोड़ आया। पकड़े गए व्यक्तियों ने बताया कि पीड़ित विजय कुमार ने उन्हें तंत्र-विद्या के जरिए पैसे दोगुने करने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये ठग लिए थे। जब उसने पैसे वापस नहीं किए, तो आरोपियों ने पीछा कर मदनपुर के पास उसे रोका और मारपीट कर उसकी गाड़ी व सामान छीन लिया। कड़े गए आरोपियों में सीतापुर निवासी विद्यादास महंत, कोरिया निवासी रामसुन्दर, राजीव कुमार सिंह और गुलशन कुजुर शामिल हैं। इनके पास से लूटी गई कार के अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई क्रेटा और अर्टिगा गाड़ी भी जब्त की गई है। इस कार्रवाई के बाद साफ किया गया है कि जो लोग झाड़-फूंक या तंत्र-विद्या के नाम पर लोगों को ठगने का काम करते हैं, उनके खिलाफ भी आने वाले समय में सख्त कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल सभी चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और लूटा गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया है।



## तालाब में डूबकर हाथी शावक की मौत,ग्रामीणों ने कराया मृत्युभोज

**रायगढ़,3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ के वन परिक्षेत्र बंगुरसिया सर्किल में हाथी शावक की डूबने से मौत के बाद ग्रामीणों ने तालाब के शुद्धिकरण और दशकर्म कार्यक्रम का आयोजन किया. ग्रामीणों ने उसकी आत्मा की शांति की कामना की. साथ ही जिस स्थान पर शावक की मृत्यु हुई उसी जगह पर मृत्युभोज करवाया. इस दौरान वन अमले के क्षेत्रीय अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए. ग्रामीणों ने बताया कि इस शावक की मृत्यु के बाद हाथियों का एक दल लगातार इस क्षेत्र में कई दिनों तक डेरा डाले रहा और आस पास में विचरण करता रहा. हाथियों की चिंघाड़ने की आवाज से ग्रामवासियों को उनका दुःख महसूस हुआ. ऐसी स्थिति में बंगुरसिया और नंवापारा के ग्रामीणों ने एकत्र होकर हाथियों के संताप को बांटने का और उनकी इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े होने का निर्णय लिया. लिहाजा ग्रामवासियों ने मृत शावक की आत्मा की शांति के लिए दशकर्म पूजा के आयोजन किया गया. ग्रामीणों ने शुद्धिकरण, वन और वन्याप्राणियों की सुरक्षा के लिए यह भी यह पूजा अर्चना की गई है.

## नवा रायपुर की निर्माणाधीन फिल्म सिटी में युवक की संदिग्ध मौत

**नवा रायपुर।** राजधानी नवा रायपुर से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन फिल्म सिटी के पास एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान भूपेंद्र पटेल के रूप में हुई है, जो तूता गांव का निवासी बताया जा रहा है। युवक का शव फिल्म सिटी परिसर के पास मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और मौत के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इधर, इस घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, वहीं पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलु से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से आरक्षक की मृत्यु

**सूरजपुर,3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में रफ्तार ने फिर कहर बरपाया है. दर्दनाक सड़क हादसे में विश्रामपुर थाना में पदस्थ आरक्षक अभय पांडे की मौत हो गई. अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार रात यह हादसा हुआ है. घटना जयनगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, आरक्षक अभय पांडे दसवीं बटालियन सिलफिली में फिटनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने गए थे. यहां से लौटने के दौरान नेशनल हाइवे 43 पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद आरक्षक गिर गए. सड़क खून से सन गई, मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया. राहगीरों की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरक्षक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस हादसे के कारणों और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है.

### आस्ट्रेलियन ओपन 2026, महिला वर्ग में एलेना रायबाकिना, पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज विजेता

## निडर होकर करें विपक्ष का सामना

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे लोकप्रिय खेल के सामने अन्य खेल और उनके कुछ खिलाडिय़ों की उपलब्धि गुमनामी में खो गई है। इनमें से एक है आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के मुकाबले। इसमें सबकी नजरें पुरुष वर्ग के विजेता की ओर लगी रही। इसकी वजह थी सर्बिया के नोवाक जोकाविच जैसे टेनिस के महान पुरुष खिलाड़ी इस बार कैसे खेलेंगे? क्या वे 2026 के पहले ग्रेंडस्लेम टाइटिल पर कब्जा जमा सकेंगे? अगर वे इस बार एकल में चैंपियन बन गये तो टेनिस के इतिहास में 25 टाइटिल जीतने वाले पहले खिलाड़ी होंगे? 38 वर्षीय जोकोविच जहां अपने खेल जीवन के उतार पर हैं वहीं फायनल में पहुंचने वाले स्पेन के कार्लोस अल्काराज पर भी प्रश्न उठा है क्या वे ग्रैंडस्लेम के इस टाइटिल पर कब्जा जमा सकेंगे?ऐसा वे कर पाते हैं तो वे अपने





चार वर्ष के छोटे से खेल जीवन में केरियर ग्रेंडस्लेम जितने वाले विश्व के आठवें खिलाड़ी होंगे। इस सूची में 1935 में फ्रेड पेरी, 1938 में डॉन बज, 1962 में रॉड लेवर ,1964 में रॉय एमरसन,1999 में आंद्रे अगासी,2009 में रोजर फेडरर 2009 में राफेल नडाल,2015 में नोवाक जोकोविच थे . कोई खिलाड़ी आस्ट्रेलियन ओपन, विम्बल्डन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत लेता है तो उसे कैरियर ग्रैंडस्लेम पूरा करना कहते हैं। एक साल में चारों ग्रैंड स्लैम टाइटिल जीतने वाले को ग्रैंडस्लैम विजेता विजेता पुकारा जाता है. उपरोक्त सूची में से सिर्फ डॉन बज और रोड लेवर सिर्फ दो ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेनिस ले इतिहास में अब तक ग्रैंड स्लैम टाइटिल प्राप्त किया है.इस तरह इन दोनों खिलाडिय़ों के लिए यह मैच बहुत ही महत्वपूर्ण था। अलकारेज सिर्फ छः ग्रैंडस्लेम जीत चुके हैं जिनमें यूएस ओपन, विम्बल्डन तथा फ्रेंच ओपन का खिताब दो-दो बार जीता है। बहुत से विद्वानों ने कहा है कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। विपक्षी का मुकाबला साहस के साथ करना चाहिए। खेल में पिछडऩे के बाद हिम्मत नहीं हारना चाहिए और प्रतिद्वंद्वी को गलती करने के लिए बाध्य करना चाहिए। स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों नहीं बल्कि अपने दिल की आवाज को सुनना चाहिए और अपने अभिभावक तथा कोच की बातों को ध्यान रखना चाहिए। जोकोविच भले ही पराजित हो गए लेकिन उनसे सीखने को मिला कि सिर्फ उम्र या अनुभव के बड़ा होने से आप विजेता नहीं हो सकते और समय आ गया है कि आप अपने टेनिस रेकेट को खूंटी में टांग दें।

# 4 आदिवासी परिवारों ने की घर वापसी, भावना बोहरा ने पैर पखारकर किया अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,3 फरवरी।** पंडरिया विधानसभा में आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में विधायक भावना बोहरा के प्रयासों, विकास कार्यों और जनसुविधाओं के विस्तार से प्रेरित होकरआदिवासी परिवार के 64 लोगों ने अपने मूल धर्म में घर वापसी की। आज ग्राम दमगढ़ में आयोजित जनजातीय गौरव सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में विधायक भावना बोहरा ने उनके पैर पखारकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में आपातकालीन सेवा के लिए विधायक निधि से 2 बाइक एमबुलेंस का शुभारंभ भी किया। इस बाइक एमबुलेंस से छीरपानी एवं कुई-कुकदुर सहित आस पास के दर्जनों वनांचल, दूरस्थ एवं दुर्गम गांव को इसका लाभ मिलेगा। आपातकालीन समय मे त्वरित स्वास्थ्य सुविधा व अस्पताल तक पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे सैकड़ों परिवार को त्वरित उपचार की सुविधा मिलेगी।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से आदिवासी एवं वनवासी समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर पुनः लौट रहें हैं जो धर्मांतरण करने वाले लोगों की मंशा पर कड़ा प्रहार है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र




नेऊर के आस-पास के गांव से 115 एवं कुई-कुकदुर क्षेत्र के 70 आदिवासी नागरिकों ने घर वापसी की थी। लगातार हो रही इन पहलों से जनजातीय समाज में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आदिवासी समाज भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं का संवाहक रहा है। प्रकृति-पूजा, लोकदेवताओं की आराधना और सामुदायिक जीवनशैली हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों को प्रलोभन देकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब जनजातीय समाज स्वयं अपनी अस्मिता और विरासत को पहचान रहा है। घर वापसी किसी पर दबाव नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्वीकार करने का स्वैच्छिक निर्णय है, जो भारतीय अस्मिता की रक्षा से जुड़ा हुआ है। उनके इस निर्णय और वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विधायक निधि से 2 बाइक एम्बुलेंस उनकी सेवा में समर्पित किया है। दुर्गम और दूरस्थ इलाकों में जहाँ सड़क सुविधा सीमित है, वहाँ बाइक एम्बुलेंस समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। आपात स्थिति में मरीजों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे समय की बचत होगी। गर्भवती माताओं, गंभीर रोगियों और दुर्घटना पीड़ितों को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य केंद्र तक शीघ्र पहुंचाया जा सकेगा। वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। हमें विश्वास है कि यह पहल वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक सार्थक सिद्ध होगा।

## समाचार संक्षेप

### संत शिरोमणि रविदास जयंती में युवा सरपंच रवि सिंगौर हुए शामिल



**उतई, 3 फरवरी (तछसं.)।** पाटन ब्लाक अंतर्गत ग्राम सांकरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह 2026 का आयोजन किया गया। आपको बता दें 1 फरवरी को आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती में पूजा अर्चना दोपहर 01.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया तत्पश्चात 5.00से 06.00 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच रवि सिंगौर मौजूद रहे।श्री सिंगौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत शिरोमणि रविदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मेहर समाज के लोगो को हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष दयानन्द सोनकर,पावन खंडेलवाल, मेहर समाज धनजय तुरकाने ,राजेंद्र देशलहरे ब्लाक अध्यक्ष, नरेंद्र गायकवाड़ युवा अध्यक्ष सतनमी समाज दुर्ग, चेतन मंडले सहसचिव, गौरकरण तुरकाने, सुभम गायकवाड़ पंच,संजय कौसले संगठन सचिव, मुन्ना तुरकारे, माधव तुरकाने, बलराम तुरकाने, वरुण तुरकने, रामरतन तुरकाने, मोहन तुरकने, कृष्ण कुमार तुरकने सहित अन्य ग्रामवासी जन मौजूद रहे।

### सेल और राइट्स ने समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

**भिलाई, 3 फरवरी।** देश की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की




स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने संयंत्रों और खानों में लॉजिस्टिक्स और परिचालन दक्षता को मजबूत करने के लिए नवरत्न उपक्रम राइट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। सेल अपने संयंत्रों और खदानों के परिसर के भीतर एक समर्पित मिनी रेल नेटवर्क संचालित करता है ताकि कच्चे माल की आवक, इन-प्रोसेस ट्रांसफर और तैयार उत्पादों के आउट-बाउण्ड बिना रुकावट परिवहन को सुनिश्चित किया जा सके। अपने डीजल लोकोमोटिव बेड़े के प्रभावी रखरखाव, जिसमें वेट-लीज्ड लोकोमोटिव भी शामिल हैं, परिचालन को बनाए रखने और भविष्य की क्षमता विस्तार एवं विकास की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चूँकि भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की ओर अपनी संक्रमण गति को तेज कर रहा है, राइट्स डीजल लोकोमोटिव संचालन और रखरखाव में मूल्यवान विशेषज्ञता प्रदान करना जारी रखे हुए है, जो सेल के डीजल बेड़े को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। समझौता ज्ञापन पर, सेल की ओर से कार्यपालक निदेशक पी.के. बैसाखिया और राइट्स की ओर से कार्यपालक निदेशक संदीप जैन ने सेल और राइट्स के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

### एसएमएस-3 में ब्लूम वाटिका का उद्घाटन

**भिलाई, 3 फरवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के डिस्पैच प्रवेश द्वार के समीप हरित उद्यान ब्लूम वाटिका का



उद्घाटन 30 जनवरी को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी टी. बैठा एवं महाप्रबंधक डी. विजिथ के नेतृत्व में टीम ने सुनियोजित तरीके से अनुपयोगी एवं अव्यवस्थित स्थल को उपयोगी, पर्यावरण-अनुकूल एवं सौंदर्यपूर्ण वाटिका में रूपांतरित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एस. के. मिश्रा, पी. सतपथी, पी. के. अग्रवाल, मनीष स्वर्णकार, अजित नारायण, अतुल बेंडाले, एच. बी. मलिक, डी. के. वार्ष्णेय, यू. एस. परघनिया, संजीव सोनी, युवराज ठवरे, रजत सरकार, कमल, सौरभ, हितेश, लोकेश, विभिन्न सहयोगी ठेका प्रभारीगण तथा बड़ी संख्या में एसएमएस-3 के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वैशालीनगर कॉलेज के छात्रों का विवि परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन

**भिलाई, 3 फरवरी।** हेमचंद दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची जारी किए



जाने के बाद इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर भिलाई के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। एम.ए. राजनीति विज्ञान विषय से रेशमा ने प्रावीण्य सूची में सातवां तथा साक्षी शुक्ला ने आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं एम.ए. अंग्रेजी विषय से मोहम्मद फैज ने नौवां स्थान हासिल किया। इसी प्रकार गृह विज्ञान विभाग से जीनत खातून ने स्नातक स्तर की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरव दिलाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। संबंधित विभागों के प्राध्यापक डॉ. मेरिली राय, डॉ. रविंदर छाबड़ा, डॉ. किरण रामटेके, डॉ. आरती दिवान एवं डॉ. अमृतेष शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 3 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई छेड़छाड़ करने के मामले में धमधा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है धमधा पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया के निवास स्थान पर आरोपी ने अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी दी शिकायत पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई मामले में धारा 331(6), 74, 75(2), 115(2), 351 (3) बीएनएस एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 11 (2), 12 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया विवेचना के दौरान आरोपी को लक्ष्मण वर्मा (20 साल ) निवासी ग्राम हिरतरा, थाना धमधा को गिरफ्तार कर लिया गया ।

### दूसरे के खाते से पैसे निकालने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 3 फरवरी (तछसं.)।** छावनी थाने पुलिस ने यूपीआई से करीब सवा लाख रुपए की रकम निकालने वाले आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है प्रकरण में करीब दो वर्ष पहले युवक का मोबाइल गुम हो गया था मोबाइल आरोपी के हाथ लग गया उस ने पासवर्ड हैक कर यूपीआई के माध्यम से रकम निकाल ली थी छावनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संतोष कुमार ने 6 मार्च 2024 को छावनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका मोबाइल गुम हो गया था किसी ने गुम हुए मोबाइल का दुरुपयोग कर फोन-पे यूपीआई के माध्यम से कुल 1 लाख 23 हजार 900 रुपए की रकम ट्रांसफर कर ली प्रकरण में छावनी पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की विवेचना के दौरान बैंक से प्राप्त जानकारी के आधार पर राशि जिस खाते में ट्रांसफर की गई थी, वह खाता सचिन किसपोट्टा (32 साल ) निवासी जिला कैमूर (बिहार) के नाम से संचालित होना पाया गया इस आधार पर पुलिस टीम को बिहार रवाना किया गया।

फसल



**उतई।** धमतरी जिले के सेमरा गांव में रबी सीजन में धान की लहलहाती फसल

# बजट 2026-27 गांव से शहर तक विकास का स्वर्णिम अध्याय: वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन , 3 फरवरी ।** भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन में तैयार हुआ है और इसके तीन प्रमुख उद्देश्य हैं - आर्थिक विकास को गति देना, जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और सबका साथ-सबका विकास। बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार, स्टार्टअप, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को नई दिशा देने वाले प्रावधान किए गए हैं 7 उन्होंने बताया कि बजट में इंडिया सेमिकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल, राष्ट्रीय फाइबर योजना, कार्बन कैप्चर योजना के लिए 20 हजार करोड़ रुपये, दिव्यांगजन



कौशल योजना, स॥श्च-मार्ट, मल्टी-लिंगुअल एआई टूल, 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास, मेडिकल टूरिज्म हब, तथा TREDS के माध्यम से MSME को 7 लाख करोड़ से अधिक की फंडिंग जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह बजट न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट के लिए बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक और जनहितकारी बताया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने की डिप्टी सीएम शर्मा से सौजन्य मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,3 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से आज 16वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल पदकों की संख्या नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के संघर्ष, आत्मविश्वास और अटूट हौसले की जीत है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम के दिव्यांग खिलाड़ियों ने यह साबित किया है कि शारीरिक चुनौतियाँ सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं, यदि मन में दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण और खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया। । इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी, बोडला उपाध्यक्ष नंद




श्रीवास, नरेंद्र मानिकपुरी, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीराम साहू, अमर कुर्रे, प्रवीण शर्मा, जसबीर सालुजा , शैलेन्द्र उपाध्याय सहित जन प्रतिनिधि, क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

### कबीरधाम के खिलाड़ियों ने जीते 32 पदक

16वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अर्जित किए। छोटी मेहरा ने तवा फेंक और गोला फेंक दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनिल कुमार ने गोला फेंक और भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। खिलेश्वर पटेल ने 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि सुखनंदन निषाद ने 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देव सिंह अहीरे ने भाला फेंक और गोला फेंक में रजत पदक प्राप्त किया। अरुण वर्मा ने भाला फेंक, लंबी कूद और गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में रजत पदक भी हासिल किए। गांधी कुर्रे ने भाला फेंक और लंबी कूद में स्वर्ण पदक, जबकि 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक में रजत पदक प्राप्त किए। आमीन खान ने लंबी कूद और गोला फेंक में स्वर्ण पदक तथा तवा फेंक में रजत पदक जीता। शिवकिंकर नेताम ने तवा फेंक में स्वर्ण पदक, गोला फेंक में रजत पदक और भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। थानू ने तवा फेंक में रजत पदक जीता, वहीं रामलोचन वर्मा ने भाला फेंक में रजत पदक हासिल किया। केशव ने तवा फेंक और गोला फेंक दोनों में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सरजू कोसले ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक तथा तवा फेंक और भाला फेंक में रजत पदक प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों की उपलब्धियों से कबीरधाम जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है और यह प्रदर्शन आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना है।

# श्रीरामनवमी केवल पर्व नहीं, सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक: प्रेमप्रकाश

**भिलाई, 3 फरवरी।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक सेक्टर-9 स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें 26 मार्च को आयोजित होने वाले श्रीरामनवमी महोत्सव एवं शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के संरक्षक एवं प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने समिति द्वारा पिछले चार दशकों से निरंतर किए जा रहे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि श्रीरामनवमी महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और भारतीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक भी है।



उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्वत, नदियों, वृक्षों, पशु-पक्षियों की पूजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है और श्रीराम का जीवन मर्यादा, संयम और कर्तव्य का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान को समाज को जोड़ने वाला अभियान बताते हुए कहा कि यह केवल अन्नदान नहीं, बल्कि सेवा और सहभागिता का भाव है, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को महाप्रसाद मिलेगा। समिति के युवा विंग अध्यक्ष एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन पहले से अधिक भव्य और संगठित रूप में किया जाएगा। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी, जिसमें आकर्षक झांकियां, पुष्पवर्षा, रामायण पाठ, भजन संध्या, कीर्तन और धार्मिक प्रवचन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस वर्ष की शोभायात्रा में 1101 मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राएं शामिल होंगी, जिनमें बाबा भोलेनाथ, भगवान चतुर्भुजी, मां बम्लेश्वरी और मां दंतेश्वरी की शोभायात्राएं विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ये सभी शोभायात्राएं विभिन्न क्षेत्रों से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे पावर हाउस अंबेडकर चौक पर एकत्र होंगी और वहां से सामूहिक रूप से श्रीरामलीला मैदान तक जाएंगी, जहां विशेष धर्मसभा, झांकी प्रदर्शन और भक्ति कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मदन सेन, महिला शाखा अध्यक्ष शीला बाघमार, महामंत्री बसंत प्रधान, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व सभापति श्यामसुंदर राव सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### युवती ने खुदकुशी की

**भिलाई, 3 फरवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-1 श्याम नगर इलाके में रहने वाली ( 27 साल ) युवती नीतू कोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका अपने दो भाइयों के साथ रहती थी देर रात की है सूचना मिलने पर छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा मामले की जांच के तहत परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है

# केंद्रीय बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है : सरोज



**भिलाई, 3 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुश्री सरोज पांडेय ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से आगे ले जाकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अपार अवसरों का राजमार्ग है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि वर्तमान के सपनों को साकार करने और भविष्य की नींव मजबूत करने वाला रोडमैप है। सुश्री पांडेय ने कहा कि बजट में सनराइज सेक्टर, रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनरल्स, टेक्सटाइल और हाईटेक टूल मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष जोर दिया गया है, जो देश की औद्योगिक क्षमता को नई ऊंचाई देगा। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास जैसे कदम विकसित भारत की यात्रा को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा शक्ति और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन, खेलो इंडिया मिशन और भारत को डेटा सेंटर हब बनाने के लिए टैक्स छूट से युवाओं के लिए नए अवसर खुलेंगे। इसके साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा, हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण और महिला उद्यमों को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि रिफॉर्म ओवर रेटॉरिक के सिद्धांत पर आधारित इस बजट में सरकार ने तीन प्रमुख लक्ष्य तय किए हैं—आर्थिक विकास को तेज करना, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना और सबका साथ-सबका विकास को साकार करना। उन्होंने 500 जलाशयों के एकीकृत विकास को समावेशी विकास का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि इससे मछुआरों, महिला समूहों और छोटे उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को विकास की मुख्यधारा में और मजबूती से जोड़ने वाला

# भाजपा नेताओं ने बजट -2026 को बताया सबसे बेहतरीन बजट



**उतई, 3 फरवरी ।** केंद्रीय बजट की तारीफ करते हुए पूर्व विधायक अशोक साहू ,जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन ने कहा की शिक्षा , स्वास्थ्य , रोजगार , रक्षा, कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया और गरीबों, किसानों , महिलाओं के हितों को देखकर बजट बनाया गया है जो की बेहतरीन ओर ऐतिहासिक बजट है ओर विकसित भारत की परिकल्पना इस बजट में दिखती है ।

### बजट से अंत्योदय की परिकल्पना होगी साकार : भाले

**उतई, 3 फरवरी (तछसं.)।** नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे सर्वजन सुखाय, बहुजन हिताय का बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिक और उद्यमियों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भाले ने बताया कि बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प और ग्रामोद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे बुनकरों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही इंडिया सेमिकंडक्टर मिशन 2.0 और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माण योजना के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# केंद्रीय बजट की कांग्रेस ने की भारी आलोचना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,3 फरवरी।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा की युवाओं और किसानों ,महिलाओं के हितों पर बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया है ओर बजट बहुत निराशाजनक है ।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश की आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट साफ तौर पर बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है । महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की



मंहगाई चरम पर है पेट्रोल डीजलऔर रसोई गैस कीमतों पर कोई राहत नहीं, किसानों,महिलाओं युवा के सशक्तिकरण के लिए किसी भी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया गया है. इस प्रकार बजट निराशाजन और दिशाहीन हैं। कवर्धा शहर की पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंडी सदस्य रानू मनोज दुबे ने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि अमीरों के काम-कारोबार और घूमने-फिरने पर दस तरह की छूटें दी गईं हैं लेकिन बेकारी-बेरोज़गारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीदों की थाली, खाली है। निराशाजनक, निंदनीय बजट है ।

एक नजर

### मुख्य अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**बलौदाबाजार, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु रविवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परिक्षेत्र रायपुर मुख्य अभियंता के.के. मरकाम एवं अधीक्षण अभियंता समीर गौर ने पलारी आवर्धन योजना एवं बिटकुलीङ्करामपुर समूह जल प्रदाय योजना का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, गुणवत्ता से समझौता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण उपरांत खंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में हर -घर जल की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कार्यों में तेजी लाने, आपसी समन्वय मजबूत करने एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।अधिकारियों ने दोहराया कि जल जीवन मिशन शासन की प्राथमिकता वाली योजना है और जिले के प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कार्यपालन अभियंता नामित कोसरिया, सहायक अभियंता आर.के. ध्रुव, के.एल. देवांगन, मनोज दाखोड़े, उप अभियंता संदीप लॉरेंस, कलीराम पैकरा एवं रीना सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम बुढ़ानछापर में नशामुक्ति के लिए अभियान चलाया गया



**कलकसा( डोंगरगढ़) 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनांचल क्षेत्र बुढ़ानछापर गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत सार्वजनिक महिला पुरुष नवजवान साथियों का बैठक रविवार को किया गया जिसमें नशा मुक्त गांव बनाने पर चर्चा हुई बैठक सभा के बीच में 10 व्यक्ति जो शराब के आदी हो चुके थे । उन्होंने जीवन भर शराब छोड़ने का वचन दिया एवं गांव के नवजवान साथी जिसके उम्र 10वर्ष से अधिक और शादी नही हुआ है ।उसको नशा प्रतिबंधित किया गया है ।एवं गांव में दिन में शराब पीकर बेवजह घुमना मना है। सभा का संचालक थनवार मंडावी व दुर्गेश साहु दोनों ने सभी तथ्यों को ध्यान रखते हुए संचालन किया । अध्यक्षता-अरुण कुमार कंवर ग्राम पटेल, सभापति -रोहित लाल गंगासागर,आशा राम सिन्हा,सोनउ राम कंवर,गनेशुराम सिन्हा,दीना राम मंडावी, ओमप्रकाश सिन्हा, विशेष अतिथि -श्रीमती रेखा नोहर सिन्हा, एवं समस्त बुढ़ानछापर पंचगण गांव परिवार के 300 उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### मानस प्रचार प्रसार का आयोजन 7 को

**डोंगरगढ़ 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड के ग्राम अछोली में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आगामी 7 एवं 8 फरवरी दिन शनिवार एवं रविवार को दो दिवसीय भव्य मानस प्रचार प्रसार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 7 फरवरी को प्रातः 7:00 स्थापना पूजा, 8:00 बजे मातृ पितृ पूजन 10:00 मानस गान सुभारम्भ, एवं संध्या 7:00 बजे महा आरती, का कार्यक्रम निर्धारित है, युक्त रामायण महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों के 16 ख्याति प्राप्त मानस मंडलीय राम रसगान कर जनमानस को भक्ति मैं सरोवर करने का प्रयास करेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक मंच श्री शारदा मानस मंडली के सदस्यों ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या की उपस्थिति के अपील की है।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चे मनोविकास केंद्र में थेरेपी व विशेष शिक्षा प्राप्त कर समान अवसर की ओर अग्रसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता एवं समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा समाज में समान अवसर और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में मनोविकास केन्द्र संचालित किया जा रहा है। मनोविकास केंद्र में आने वाले सभी बच्चे किसी न किसी शैक्षणिक संस्था में नामांकित हैं और उन्हें थेरेपी के साथ-साथ विशेष शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इनमें से 16 बच्चे एनआईओएस (ओपन स्कूलिंग) के अंतर्गत कक्षा 10 में नामांकित हैं, जिन्हें केंद्र के विशेष शिक्षक द्वारा अक्टूबर 2026 की परीक्षा हेतु तैयार किया जा रहा है, जबकि शेष बच्चे विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अलग-अलग कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में कुल 39 बच्चे विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। मनोविकास केन्द्र में बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र में विशेष शिक्षा, संवेदी एकीकरण, योग एवं खेलकूद आधारित गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन सतत एवं संरचित प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों में शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक एवं सामाजिक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।मनोविकास केंद्र ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समर्पित सेवा का एक सफल वर्ष पूर्ण कर लिया है। वर्तमान में केंद्र में कुल 46 बच्चे नामांकित हैं, जो नियमित रूप से उपस्थित होकर थेरेपी और विशेष शिक्षा दोनों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।केंद्र में फिजियोथेरेपी एवं विकासात्मक आकलन हेतु नियमित ओपीडी संचालित की जा रही है। साथ ही बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संवर्धन हेतु मासिक स्वास्थ्य परीक्षण किए जाते हैं। अब तक केंद्र द्वारा कुल 125 विकासात्मक आकलन सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं। केन्द्र में विशेष आवश्यकता वाले 12 वर्षीय पुष्कर साहू डाउन सिंड्रोम से प्रभावित एक हाइपोएक्टिव बालक हैं। पूर्व में वे विद्यालय नहीं जा पा रहे थे तथा उनके व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विकास में अनेक चुनौतियां थीं। मनोविकास केंद्र से जुड़ने के पश्चात उन्हें संवेदी एकीकरण और योग के साथ-साथ विशेष शिक्षा प्रदान की गई। सतत एवं संरचित हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप पुष्कर के व्यक्तिगत व्यवहार, आत्मनिर्भरता तथा शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्तमान में वे शासकीय विद्यालय में कक्षा 8वीं में नामांकित हैं और शैक्षणिक सत्र 2026 में कक्षा 8वीं की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पुष्कर की यह प्रगति मनोविकास केंद्र की प्रभावी कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण है।इसी प्रकार, मनोविकास केंद्र से जुड़े वे सभी बच्चे, जो पूर्व में विद्यालय जाना छोड़ चुके थे, अब पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े जा चुके हैं।

### दूर दूर से आये देवी देवता, ट्रस्ट ने देवी-देवताओं का नारियल भेंट कर किया अभिनन्दन

# कर्णेश्वर मेला में उमड़ा जन सैलाब





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 3 फरवरी।** ऐतिहासिक कर्णेश्वर महादेव मंदिर में मांघ पूर्णिमा में प्रतिवर्ष होने वाला मेला महोत्सव में सोमवार को देव मड़ई का आयोजन हुआ।जिसमें हजारों दर्शनार्थियों सहित सीमावर्ती राज्य उड़ीसा ,बस्तर व अंचल के कोने कोने से आये आंगा देव सेकड़ो देवी देवताओं अपने पूरे स्वरूप डांग डोली बाना आदि लिये मन्दिर परिसर में खम्बेश्वरी में जोहार भेट कर परम्परागत रूप से मेला का ढाई परिक्रमा किया। जिनका कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता,वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बेस,संरक्षक कैलास पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर,रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव मोहन पुजारी, राम भरोसा साहू, शिवकुमार परिहार,गगन नाहटा,राम लाल नेताम,होरी लाल पटेल आदि पदाधिकारियो ने परम्परानुसार फूल माला पहनाकर व नारियल भेंटकर स्वागत सत्कार,सम्मान किया। परम्परानुसार प्रतिवर्ष की भांति मेला में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी।दूर दूर से विभिन्न वाहनों में सवार होकर मेला स्थल पहुचे। कर्णेश्वर महादेव मन्दिर में लोगो ने लंबी कतार लगाकर दर्शन किया ।पुलिस प्रशासन सुरक्षा ब्यवस्था में मुस्तेद रहे ,स्कॉउट गाइड के छात्र छात्राओं ने मन्दिर परिसर सहित भोजन शाला में भोजन परोसने में सहयोग प्रदान किया , स्वास्थ्य विभाग स्टाल लगाकर प्राथमिक उपचार में लगे रहे,नगर पंचायत नगरी ने टेंकर में पानी व्यवस्था कराई तथा उनके सफाई कर्मी अपनी सेवाओं में डटे रहे ।मेले में लोगो ने क्राफ्ट बाजार,मीना बाजार ,मौत का कुआ,झूला आदि का लुत्फ उठाया वही विभिन्न दुकानों में जमकर खरीददारी की जिससे दुकानदारो ने राहत की सांस ली।रात्रि में छतीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा नाइट का मंचन हुआ जिसका दर्शकों ने लुत्फ उठाया,।इस दौरान सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,पूर्व विधायक पिंकी शिव राज शाह,राम प्रसाद मरकाम,टिकेश्वर ध्रुव, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार,कमलेश मिश्रा,प्रेमलता नागवंशी, देवेंद्र साहू अश्वनी निषाद, ललित शर्मा कमल डागा ,नोहर साहू,छबि ठाकुर,योगेश साहू अमर सिंह पटेल,अंजोर निषाद,रवि भट्ट, दीपक यदु,सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल,प्रताप सुरेशा,मिलेश साहू बबलू गुप्ता,ललित निर्मलकर,ईश्वर जांगड़े,अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति,दीपक यदु,प्रकाश सार्वा ,राकेश चौबे,हनी कश्यप,नरसिंह मरकाम,मोहन नाहटा, बंटी जैन,टेस्वर ध्रुव,किशन गजेन्द्र, मदन साहू,सन्तु साहू पंकज ध्रुव,पुरषोत्तम साहू,परमेश निषाद,फलेश साहू,डोमार मिश्रा ,मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा ,राजाराम नेताम,भूपेश साहू आदि जुटे रहे।

# शांति भंग कर उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्व जेल में निरूद्ध



- क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की कार्रवाई जारी
- लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई
- शांति भंग करने वाले 3 व्यक्तियों के खिलाफबाउंड ओवर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 3 फरवरी।** तिल्दा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खमरिया, ग्राम सिरवे एवं ग्राम भूरशुदा में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा एवं उपद्रव किये जाने की सूचना आज दिनांक 02 फरवरी 2026 को थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची तथा अनावेदकों को समझाइश देकर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया गया। किन्तु सभी आरोपी अत्यधिक उग्र होकर मारपीट पर आमादा हो गए। स्थिति को गंभीर होता देख पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर कार्यवाही की। बाद में सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय तिल्दा-नेवरा में पेश किया गया, जहाँ माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय ने असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त सभी व्यक्तियों को जेल वारंट जारी कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया।

**असामाजिक तत्वों के नाम-पते**

1. बलदेव धिवर पिता प्रीतम धिवर, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सिरवे
2. दीपक धीवर पिता कोदूराम धिवर, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सिरवे
3. होरीलाल यादव पिता रामप्रसाद यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम धनगवा, जिला शहडोल (म.प्र.), हाल निवासी ग्राम खमरिया, जिला रायपुर
4. अशोक साहू पिता रामचंद्र साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम महुआगांव, जिला सिंगरौली (म.प्र.), हाल निवासी ग्राम खमरिया, जिला रायपुर
5. क्रिस सोनवानी पिता ओमप्रकाश सोनवानी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम भूरसुदा, जिला रायपुर
6. जयप्रकाश वर्मा पिता सुरेश वर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम भूरसुदा, जिला रायपुर

# चार माह से फरार लुटेरे दुर्गेश यादव को तिल्दा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा 3 फरवरी।** पुलिस ने लूट के प्रकरण में चार महीने से फरार चल रहे एक आरोपी समेत एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 04 क्यूजे 1514, जिसकी कीमत करीब 30,000 रुपए है, को जप्त किया गया। नवंबर माह में आरोपी दुर्गेश यादव अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बगदई शराब दुकान के पास लूटपाट की योजना बनाकर पहुंचे थे। आरोपियों ने चाकू का भय दिखाकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए उसका ङ्कद्व1श मोबाइल फोन एवं नगद 500 रुपए लूट लिए थे। घटना के बाद थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 493/2025 धारा 296, 115(2), 351(2), 309(6), 61(2) BNS एवं 25, 27 ‹rms Act के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण के एक आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे। मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपी दुर्गेश यादव एवं उसके एक साथी विधि से संघर्षरत बालक को तिल्दा क्षेत्र से पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त कर दोनों को न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया।




# कलेक्टर ने ली मिलर्स की बैठक,समय पर धान उठाव व चावल जमा करने के दिये निर्देश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को मिलर्स की बैठक लेकर नान में चावल जमा करने के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पीड़ीएस दुकानों में आगामी 20 फ़रवरी को चावल उत्सव मनाया जाएगा। पीड़ीएस दुकानों में 10 फ़रवरी तक खाद्यन्न भण्डारण सीनिश्चि करें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव और मिलिंग के पश्चात चावल जमा करने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि मिलर्स को आवंटित कोटे के अनुसार उपार्जन केंद्रों से तत्काल धान उठाव करें एवं मिलिंग के बाद चावल की डिलीवरी के लिए सख्त समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने अधिकारियो को भी निर्देशित किया कि मिलरों द्वारा धान उठाव की सतत मॉनिटरिंग करें और रूचि नहीं लेने वाले मिलरों पर कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों से ज़्यदा ज़्यदा धान मिलरों के पास जाए। बैठक में खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं मिलर्स उपस्थित थे।

### अज्ञात व्यक्ति को चाकू मारने वाला हिरासत में

**सिमगा 3 फरवरी।** थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम केसदा में चितावर मंदिर के पास आयोजित मेले के दौरान रात्रि करीब 20 :00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि राहुल यादव उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी ग्राम कामता, थाना सिमगा को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया है। घायल राहुल यादव को उनके साथियों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच पड़ताल के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक राहुल यादव को हेमंत यादव उर्फमसान उम्र लगभग 25 वर्ष द्वारा चाकू से वार किया है जिससे मृतक के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। विवाद का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका। थाना सिमगा पुलिस द्वारा आरोपी हेमंत यादव उर्फमसान को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रकरण के विवेचना क्रम में घटना में अन्य आरोपियों के भी शामिल होने के संबंध में पूछताछ एवं जांच की जा रही है। प्रार्थी छगन निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 फरवरी को माघी पुन्नी के अवसर पर चितावर महादेव धाम ग्राम कामता में अपने दोस्त रूपेश निर्मलकर एवं बीनू निर्मलकर के साथ मोटरसाइकिल से गये हुए थे मेला में लोग घूम रहे थे इसी दौरान गांव दोस्त यशंवत निषाद मेला जिससे बातचीत करते ठेला में गुटखा खरीद रहे थे कि करीबन रात्रि 7.30 बजें पान ठेला के सामने लड़ाई झगड़ा वाद विवाद हो रहा था । तब में अपने साथियों के साथ जाकर देखें तो ग्राम कामता निवासी मशान नाम का युवक एवं उसके अन्य दोस्त जिसमें से एक के एक साथी जिसने हाथ में पहने चूड़ा से तथा मशान ने हाथ में रखे चाकू से और उसके अन्य दोस्त हाथ मुक्का रात घुसा से राहुल यादव को मार रहे थे । जब मैं और मेरे साथी मारपीट को छुड़ाने लगे तो मनाना कामता निवासी एवं उसके दोस्त सभी मारपीट करने वाले वहां से भाग गए । चाकू एवं हाथ मुक्का से मारपीट से मेरा दोस्त राहुल यादव के सीना में बारे तरफकूल्हे के पास चाकू का गंभीर चोट गला एवं सीर पर आया है । चोट लगने से राहुल यादव लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा तब हम लोगों ने उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जांच उपरांत डॉक्टर ने उसे मृत हो जाना बताया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मनाना एवं उसके साथियों के विरुद्ध धारा 103 ( 1 ) 3 ( 5 ) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है ।




**तिल्दा नेवरा 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेवरा में श्री राम कथा के दूसरे दिन मंत्री टंक राम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बीएनबी शासकीय हाई स्कूल मैदान नेवरा में श्री राम कथा आयोजित है जिसके कथाकार मानस कोकिला देवी चंद्रकला जी हैं आज कथा के दूसरे दिन मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित हुए और बैठकर कथा का श्रवण किया साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे जनपद सदस्य गण सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए बड़ी संख्या में नागरिक गण भी उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया।

### बालसमुंद जलाशय में आर्द्रभूमि संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यशाला में 46 पक्षी प्रजातियों की हुई पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 के अवसर पर 2 फरवरी 2026 को प्रातः 9:00 बजे, बालसमुंद जलाशय, पलारी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बलौदाबाजार द्वारा आर्द्रभूमि संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर, बालसमुंद जलाशय क्षेत्र में संपन्न हुआ।

इस विशेष आयोजन में लगभग 60 प्रतिभागियों, 5 विशेषज्ञों तथा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 49 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक महत्व, जैव विविधता संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान पक्षी अवलोकन एवं आर्द्रभूमि अध्ययन की व्यावहारिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्रङ्कछात्राओं द्वारा जलाशय से जल नमूने एकत्रित किए गए तथा बारनवापारा अभ्यारण्य के फॉरेस्ट गाइड्स के सहयोग से 46 पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई। प्रतिभागियों को तालाब में पाए जाने वाले जलीय जीव-जंतुओं, जल गुणवत्ता तथा आसपास के पारिस्थितिक तंत्र की जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में बताया कि आर्द्रभूमियाँ न केवल पक्षियों एवं जलीय जीवों का प्राकृतिक आवास हैं, बल्कि ये भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण, जल शुद्धिकरण, स्थानीय जलवायु संतुलन एवं आजीविका समर्थन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बालसमुंद जलाशय जैसे जलस्रोत क्षेत्रीय स्तर पर स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी, ब धम्मशील गणवीर के मार्गदर्शन में जिले की आर्द्रभूमियों को अधिसूचित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप-विभागीय अधिकारी (वन) श्री निश?चल चंद शुक्ला, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री प्रखर नायक, एवं कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक प्रो. अजय मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, हितेंद्र ठाकुर एवं शोधार्थी दीपक तिवारी रहे। इसके अतिरिक्त डिप्टी रेंजर धर्म सिंह बरिहा, बीट प्रभारी मनबोधन टंडन, आबिद अली खान, रामनारायण यादव सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बजट स सरकार की नीयत व नीति का पता चलता है

चाहे राज्य का बजट हो या केंद्र सरकार का बजट हो, उससे यह पता चलता है कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार की नीयत व नीति क्या है। वह अगले एक साल देश,राज्य के हर क्षेत्र में क्या करने वाली है, उससे जनता को क्या फायदा होने वाला है। इसके अलावा बजट से यह भी पता चलता है कि वह सामान्य समय में बनाया गया है या देश व विश्व की स्थिति विशेष में बनाया गया है। कई बार बजट देश,विश्व की स्थिति को देखते हुए बनाया जाता है ताकि विश्व में अपने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखा जा सके। इस बार का बजट विश्व की बदलती आर्थिक स्थिति को देखते हुए बनाया गया है, इसलिए इस बार का बजट दूसरे तमाम बजट से कुछ अलग भी है। ज्यादातर लोगों के लिए बजट का मतलब यह होता है कि सरकार ने सस्ता क्या किया है और बजट के बाद महंगा क्या होने वाला है। ऐसे लोगों को बजट उतना ही समझ जाता है जितना वह समझना चाहते हैं। ऐसे लोग बजट को तब अच्छा कहते हैं जब उनके काम की वस्तुएं सस्ती होती है। इसी तरह कुछ लोग यह देखते हैं कि बजट में सरकार ने इनकम टैक्स में क्या छूट दी है। इस बार के बजट से ऐसे लोगों को निराशा ही हाथ लगने वाली है क्योंकि सरकार ने ऐसा कुछ किया नहीं है और इसलिए नहीं किया है कि वह पिछले साल ऐसा कर चुकी है और लोगों को इससे फायदा हुआ है। वह इनकम टैक्स का स्लैब पिछले साल बदल चुकी है और जीएसटी कम करने महंगाई कम करने का प्रयास भी किया था इससे भी लोगों को अब तक लाभ हो रहा है। यानी जनता के लिए सरकार बहुत कुछ पिछले साल कर चुकी है, इसलिए इस बार सरकार ने देश के लिए बहुत कुछ करने का प्रयास किया है ताकि देश जो अगले कुछ सालों में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, उसमें कोई दिक्कत न आए। अमरीका जैसे देश भारत के सामने जो दिक्कते खड़ी करते हैं उससे भारत को कोई खास असर न पड़े।मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि सरकार ने बजट में ज्यादा ध्यान आर्थिक विकास,देश के लोगों की आंकाक्षाओं की पूर्ति,और अवसरों तक पहुंच बनाने की ओर दिया है। मोदी सरकार का लक्ष्य है विकसित भारत तो उसके लिए जो कुछ किया जा सकता था सरकार ने इस बजट में करने का प्रयास किया है।जब कोई सरकार लक्ष्य तय करती है तो उसे पाना भी उसके जरूरी होता है। उसके लिए बजट में ही ऐसे प्रयास किए जा सकते है और सरकार ने ऐसा करके साफ कर दिया है कि उसके लिए विकसित भारत कोई नारा नहीं है, ऐसा लक्ष्य है जिसे उसे हासिल करने के लिए हर दिन, हर सप्ताह, हर माह और हर साल जो कुछ करना पड़ेगा वह करेगी। बजट के बार में विपक्ष के नेताओं ने क्या कहा है यह खास मायने नहीं रखता है क्योंकि उनका तो एक ही काम है, सरकार को हर काम में असफल बताना और जनता को बताना कि सरकार जनता के लिए कुछ नहीं कर रही है, बजट में भी जनता के लिए कुछ नहीं है। जनता समझदार है वह जानती है कि हर बजट में सरकार देश व देश की जनता के लिए ही सबकुछ करती है, हर क्षेत्र में बजट का जो पैसा खर्च होता है, उससे देश के साथ ही जनता को भी फायदा होता है,जनता को भी सुविधा होती है। बजट को समझना है तो देश के मुखिया पीएम मोदी ने क्या कहा है, इस पर लोगों का खास ध्यान देना चाहिए इससे उनको कुछ अंदाजा होगा कि उनकी सरकार का बजट पिछले बजटों के कुछ अलग है तो क्यों है। बजट पर पीएम मोदी ने कहा है कि यह बजट 140 करोड भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह सुधार की यात्रा को मजबूत करता है और विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट रोड मैप तैयार करता है। बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्जवल भविष्य की नींव को सशक्त करता है।पीएम मोदी ने कहा है कि यह बजट भारत की वैश्विक भूमिका को नए सिरे से सशक्त करता है। इस बजट में अगले साल कई राज्यों में चुनाव होने के बाद भी कुछ भी ऐसा नहीं किया गया है जिससे यह कहा जा सके कि राज्य मे चुनाव जीतने के लिए ऐसा किया गया है। आम तौर पर राज्यों में चुनाव होता है उन राज्यों के लिए कुछ तो घोषणाएं ऐसी की जाती है जिससे राजनीतिक लाभ हो।मोदी सरकार ऐसा कर सकती थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया है, इससे साफ है कि मोदी सरकार के लिए कई बार राजनीतिक फायदे से ज्यादा देश का फायदा ज्यादा मायने रखता है और वह राजनीतिक नुकसान उठाकर भी करने से नहीं डरती है।

**विशेषण**

# जीवन में कुछ बनने के लिए विनम्र होना जरूरी, बीज को भी पेड़ बनने जमीन के नीचे दबना पड़ता है

**किशन सनमुखदास भावननी गोंदिया महाराष्ट्र**



वैश्विक मानवीय जीवन शैली को अगर हम देखें तो आधुनिकता का भाव कूट-कूट कर भरा है। वर्तमान डिजिटलाइजेशन और वैज्ञानिक युग में वैश्विक स्तरपर पुरानी परंपराओं, पौराणिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों की सोच,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि आज वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक सोच ने इनका स्थान ग्रहण लिया है। स्थिति आज ऐसी हो गई है कि यदि कोई इन रीति-रिवाजों, मान्यताओं, पौराणिक धार्मिकता, पर अपनी बात करेगा तो उसे पुरानी सोच, दकियानूसी बातें, हो गया पुराना जमाना, कह कर हंसी का पात्र बना दिया जाता है। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो कुछ स्तर पर यहां भी ऐसी सोच पाश्चात्य देशों की तर्ज पर स्थापित होती जा रही है। परंतु यह भारतीय मिट्‌टी इसे सिरे से खारिज करने में अदृश्य अनमोल रोल अदा कर रहीं है।साथियों बात अगर मानवीय गुणों की करें तो भारतीय मानवीय गुण विश्व में सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मानवीय गुणों की श्रेष्ठता में भारत प्रथम रैंक में आएगा ऐसा मेरा मानना है। साथियों मानवीय गुणों में अनेक ज्ञानात्मक, क्रियात्मक, विचारात्मक, संस्कार, आत्मक गुण, शामिल होते हैं। हम आज विनम्रता गुण पर चर्चा करेंगे साथियों, मेरा मानना है कि भारतीय मिट्‌टी में विनम्रता का गुणा कूट-कूट कर भरा है। बस इसे ग्रहण करने की जरूरत है। विनम्रता गुण जिसने ग्रहण किया उसमें आध्यात्मिकता, सहिष्णुता की भावना, कर्मवाद, विश्वबंधुत्व उच्च संस्कार, आशावादिता, अतिथि देवो भव वाले विचार, स्वभावरूपी आभूषण, बहुमूल्य सिंगार, अपने आप समाहित हो जाते हैं। आज भारत में जन्मा प्रवासी भारतीय या मूल भारतीय व्यक्ति आज विश्व के कोने-कोने में अपनी एक विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए मिलेगा। चाहे वह विदेशों में मजदूरी का काम करता है या किसी देश का संसद, उपराष्ट्रपति, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल हो तो उसे उस देश के प्रशासक प्राथमिकता देगें क्योंकि वह अपेक्षाकृत अधिक मेहनती, विनम्र, और योग्य है। उसमें अनेक मानवीय गुण अपेक्षाकृत अधिक समाए हुए हैं और विनम्रता का भाव अधिक है इसीलिए उसका सम्मान होता है। और वह श्रेष्ठमानव की श्रेणी में आता है। विनम्रता के कारण मानव किसी को भी जल्दी संप्रेषण कर आसानी से उसे संतुष्ट कर सकता है। सभको अपना बना लेता है, समाज में श्रेष्ठस्थान पाता है। विनम्रता एक ऐसी खान है जिसमें सहनशीलता, दया, परोपकार, प्रसन्नता, प्यार, वाणी, सुव्यवहार, स्वभाव, आचरण, रूपी अनेक अस्त्र समाहित होते हैं जिससे कोई भी जंग जीतना आसान हो जाता है। क्योंकि उस खान में इतने अस्त्रों से सम्मानित व्यक्ति किसी भी जंग में हार नहीं सकता। इसलिए ही कहा गया है बिना मूल्य मनुष्य का बहुमूल्य आभूषण और शृंगार उसकी नम्रता का गुण है। साथियों,, अगर हम गंभीरता से देखें तो एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को जानने की पहली सीढ़ी उसकी विनम्रता रूपी गुण होती है। तभी आगे व अन्य मानवीय गुणों को प्राप्त करेगा। आज के आधुनिक युग में मानवीय गुणों की विलोप्ता तेजी से बढ़ी है और धनबल का अस्तित्व बढ़ रहा है, परंतु यहां भारतीय संस्कार और भारत की मिट्‌टी अपना प्रभाव दिखाकर भारत में विनम्रता के विस्तार में अग्रसर है, क्योंकि व्यक्ति की परवरिश में परिवार के संस्कार और देश की संस्कृति का असर तो होता ही है। फलस्वरुप उसके व्यवहार में विनम्रता का गुण पनपता है, जिसका श्रेय ही भारत की मिट्‌टी, धरोहर को जाता है। विनम्रता एक ऐसा मानवीय गुण है जो धन बल से खरीदा नहीं जा सकता। विनम्रता का गुण बड़ी-बड़ी समस्याओं, विपत्तियों, विपरीत परिस्थितियों, दुखों, का निवारण इस विनम्रता रूपी अस्त्र से किया जा सकता है और अंतिम जीत विनम्रता की ही होती है। विनम्रता गुस्से, कटुता, की काट है। क्योंकि विनम्रता का पलड़ा अहंकार, गुस्से, और ज्ञान के पलड़े से भारी होता है। कोई व्यक्ति कितना भी शिक्षाप्रद, बड़ा अधिकारी, बड़ा मंत्री, क्यों ना हो विनम्रता के बिना उसका यह अस्तित्व व्यर्थ है, उसके सामने एक निरीह, अनपढ़, और विनम्रता से ओतप्रोत मानव सफल, सचेत, और मूल्यवान माना जाएगा और अंतिम जीत विनम्रता धारक व्यक्ति की ही होगी। साथियों,, जीवन तनावमुक्त, प्रेम, प्रसन्नता, सौदाहर्यता, जीवन में सुखशांति, रिश्तो में माधुर्यता प्राप्त करना है तो मानवीय गुणों के इस विनम्र भाव को अपनाना होगा, क्योंकि जीवन में कुछ करने के लिए विनम्र होना जरूरी है जैसे एक बीज को भी जमीन के नीचे दबना पड़ता है उसके बाद ही अंकुरित होकर विशालकाय पेड़ का स्वरूप लेता है। इसलिए ही वैश्विक मानवीय गुणों में एक विनम्रता, यह मानव जीवन का बहुमूल्य श्रृंगार और श्रेष्ठ गुणवत्ता अस्त्र है। विनम्रता मानव आचरण का।

## सू- दोकू क्र.305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य - 305

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे, जिससे काम काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी। आज समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे।

वृष राशि : आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आज आप अपने खर्चे को काम करने का प्लान बनायेंगे। लवमेट आज कहीं घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे।

मिथुन : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप कहानी लिखने की शुरुआत करेंगे। आपको लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि और बढ़ेगी। आज आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। नई चीजें सीखेंगे और लेन-देन में फायदा होगा। संतान की उन्नति से ख़ुशी मिलेगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आप नया कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको अच्छी राय मिलेगी। परिवार के लोग आपकी बातों से सहमत रहेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र आज अपने करियर को लेकर योजना बनायेंगे, बच्चों को सही गाइडेंस की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

शुभ रंग- पीला

शुभ अंक- 1

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं। छात्रों को आज बड़ी सफलता मिलाने वाली है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई पर पूरा फोकस रखने की जरूरत है।

कुंभ राशि : आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आज घर में धार्मिक कार्य आयोजित हो सकता, जिससे ख़ुशी का माहौल बना रहेगा।

**संस्कृति**

# मन को जीत लो, संसार स्वयं जीत में बदल जाएगा

**सुनील कुमार महला**



हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत गूढ़ और सार्थक पंक्ति कही गई है-'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' इसका आशय यह है कि जीवन में हार और जीत का वास्तविक निर्धारक बाहरी परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि मन की स्थिति होती है। परिस्थितियाँ तो केवल माध्यम हैं, असली निर्णायक की भूमिका तो मनुष्य मन निभाता है। यदि मन डर, शंका और निराशा से घिरकर पहले ही हार मान ले, तो साधन, संसाधन और अवसर होते हुए भी पराजय निश्चित हो जाती है। इसके विपरीत, यदि मन दृढ़, साहसी, सकारात्मक और विश्वास से भरा हो, तो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी जीत संभव हो जाती है। वास्तव में, जीवन की हर हार और जीत पहले मन में घटती है, उसके बाद वास्तविक जीवन में दिखाई देती है। जो व्यक्ति मन से हार जाता है, वह कभी जीत नहीं सकता,लेकिन जिसने मन में यह ठान लिया कि वह जीतेगा और हर हाल में जीतेगा, वह अंततः विजयी होता ही है। हमारी पराजय या विजय शारीरिक शक्ति पर नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता पर निर्भर करती है। जब हम मन से यह स्वीकार कर लेते हैं कि हम नहीं जीत सकते, उसी क्षण हमारी आधी शक्ति समाप्त हो जाती है। वहीं अटूट विश्वास हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता दिखा देता है। याद रखिए कि भय मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। भय से ही चिंताओं का जन्म होता है और ये चिंताएँ अक्सर अनावश्यक कल्पनाओं से उपजती हैं। जब व्यक्ति उन बातों की कल्पना करने लगता है, जो अभी घटित ही नहीं हुई हैं, तो उसके भीतर भय पैदा होता है। यही भय उसे सकारात्मक सोचने, आगे बढ़ने और पूर्ण रूप से जीने से रोक देता है।मनुष्य विशेष रूप से उन चीज़ों से अधिक डरता है, जिन्हें वह देख नहीं सकता। जो संकट अभी आया ही नहीं है-अर्थात भविष्य की चिंता-वह मन में एक 'भूत' की तरह होता है। उसका कोई निश्चित आकार नहीं होता, इसलिए वह और अधिक डरावना प्रतीत होता है। यह अनदेखा डर व्यक्ति को भीतर ही भीतर भयभीत करता रहता है और अंततः वह बिना लड़े ही हार मान लेता है।इसके विपरीत, जो व्यक्ति इन आशंकाओं से ऊपर उठकर संकल्प करता है, मेहनत करता है और संघर्ष करता है, वह बड़ी से बड़ी कठिनाइयों को भी पार कर लेता है। इतिहास इसके अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है। उदाहरण के तौर पर अरुणिमा सिन्हा ने एक दुर्घटना में अपना पैर खो देने के बावजूद मन से हार नहीं मानी और विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया। अब्राहम लिंकन जीवन में कई चुनाव हारने के बाद भी विचलित नहीं हुए और अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति बने। ये उदाहरण सिद्ध करते हैं कि परिस्थितियाँ नहीं, मनुष्य का मन ही उसकी नियति तय करता है। वास्तव में मनुष्य मन जानता है कि संकटों से कैसे निपटना है, लेकिन मन चंचल भी होता है। नकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को जल्दी आकर्षित करती है और वह उन बातों को लेकर चिंतित हो जाता है, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं होता। वह भविष्य की चिंता और अतीत की स्मृतियों में उलझकर अपना वर्तमान खो देता है, जबकि सच्चाई यह है कि मनुष्य के नियंत्रण में केवल वर्तमान ही होता है।यह कहा गया है कि साम्राज्य तलवारों से नहीं, शंकाओं से टूटे हैं। जब मन में शंका प्रवेश कर जाती है, तो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति भी कमजोर पड़ जाता है। किसी भी बाहरी युद्ध को जीतने से पहले उसे मन में जीतना आवश्यक होता है। इसलिए मन में संदेह, भय और नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।मनुष्य को यह समझना चाहिए कि भविष्य में क्या होगा या क्या नहीं होगा, इसकी चिंता करना व्यर्थ है। हमारे कर्म ही हमें विस्तार देते हैं। जो हमारे हाथ में है, वह वर्तमान है। इसलिए आवश्यक है कि हम भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान में पूरे होश-हवास के साथ अपने कर्म करें। जब हम वर्तमान में ईमानदारी और समर्पण से कार्य करते हैं, तो भविष्य का अंधकार स्वतः छँटने लगता है।सरल शब्दों में कहें तो इंसान वास्तविक समस्याओं से तो समझौता कर लेता है, लेकिन आने वाली संभावित परेशानियों की चिंता उसे भीतर से तोड़ देती है। डर सबसे पहले मन को हराता है और जब मन हार जाता है, तो बाहरी जीत भी असंभव हो जाती है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े पतन बाहरी शत्रुओं से नहीं, बल्कि अंदर के भय से हुए हैं। महान वही होता है, जो डर के बावजूद आगे बढ़े। जो व्यक्ति केवल सामने की वास्तविकता पर ध्यान देता है और अपने कर्म करता है, वही अपने भविष्य को सही दिशा दे पाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अनदेखी आशंकाओं से डरने के बजाय उन्हें समझें और विवेक से उनका सामना करें।जब इंसान अपने मन के भय से मुक्त हो जाता है, तभी वह वास्तव में स्वतंत्र होता है और यही सच्ची जीत है।

# क्रिकेट का कब्रिस्तान पाकिस्तान

**संजीव ठाकुर**

पाकिस्तान सरकार ने आगामी T20 वर्ल्ड कप 26 को श्रीलंका में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में शामिल नहीं होने का फैसला कर लिया है। पाकिस्तान ने इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट की कब्र ही खोद दी है।

विगत 10 से12 वर्षों में क्रिकेट पाकिस्तान के लिए बोझ बनता जा रहा है और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को भारत के विरुद्ध मैच खेलने से पाकिस्तान सरकार के इनकार ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। कयास यह लगाई जा रहे हैं कि भारत से डर कर पाकिस्तान ने मैच खेलने से इनकार कर दिया है गौरतलाप है कि वर्ल्ड कप T20 में आठ में से 7 मैच भारत जीता है और केवल एक मैच पाकिस्तान जीत पाया है। ऐसी परिस्थितियों में यह फैसला खेल से अधिक राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट व्यवस्था में इसके दूरगामी आर्थिक, कूटनीतिक और संस्थागत दुष्परिणाम निश्चित हैं।

भारत पाक मुकाबला केवल एक मैच नहीं बल्कि वैश्विक क्रिकेट का सबसे बड़ा व्यावसायिक इवेंट माना जाता है। जिससे आईसीसी, मेज़बान देश, ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां, प्रायोजक और स्वयं दोनों क्रिकेट बोर्डों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। इन परिस्थितियों में यदि पाकिस्तान इस मैच से पीछे हटता है तो पहला सीधा झटका इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टर्स को लगेगा जिन्होंने अरबों रुपये का निवेश इस टूर्नामेंट के अधिकारों में किया है। विज्ञापन अनुबंध, स्लॉट बुकिंग और व्यूअरशिप अनुमानों की रीढ़ भारत-पाक मैच पर ही टिकी होती है। मैच रद्द या पाकिस्तान की अनुपस्थिति की स्थिति में ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां आईसीसी से मुआवज़े की मांग करेंगी और यह स्वाभाविक है कि आईसीसी उस क्षतिपूर्ति का बोझ संबंधित बोर्ड यानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंततः पाकिस्तान सरकार पर डालने का प्रयास करेगा। विभिन्न मीडिया अनुमानों और पूर्व अनुभवों के आधार पर यह नुकसान लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंका जा रहा है, जो पहले से कर्ज, महंगाई, विदेशी मुद्रा संकट और आईएमएफ की शर्तों से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक आघात होगा। इतना ही नहीं यदि आईसीसी इसे टूर्नामेंट की अखंडता और अनुबंध उल्लंघन के रूप में देखती है तो उस पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। जिससे कुल नुकसान और बढ़ेगा, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा शिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड होगा जो पहले ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में है और जिसकी आय का बड़ा हिस्सा आईसीसी के वितरण और भारत-पाक सीरीज की अप्रत्यक्ष लोकप्रियता पर निर्भर करता है। यदि आईसीसी पाकिस्तान को गैर-पेशेवर व्यवहार या राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए दोषी मानती है तो उस पर भविष्य के टूर्नामेंटों की मेजबानी से वंचित किया जा सकता है या पांच वर्ष तक के प्रतिबंध जैसी कठोर कार्रवाई की संभावना भी बन सकती है, जो पीसीबी के लिए लगभग विनाशकारी सिद्ध होगी क्योंकि तब न केवल राजस्व रुकेगा बल्कि खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर भी सीमित हो जाएगा। पाकिस्तान का यह तर्क कि उसने बांग्लादेश के भारत न आकर खेलने के फैसले के समर्थन में यह कदम उठाया है, तो यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में ज्यादा वजन नहीं रखता क्योंकि आईसीसी का ढांचा द्विपक्षीय राजनीतिक समर्थन नहीं बल्कि लिखित अनुबंधों और तय कार्यक्रमों पर आधारित होता है। खेल की वैश्विक संस्था भावनात्मक या वैचारिक समर्थन से नहीं बल्कि व्यावसायिक अनुशासन से चलती है। पाकिस्तान का यह निर्णय उसे नैतिक ऊंचाई नहीं बल्कि प्रशासनिक अविश्वसनीयता की श्रेणी में खड़ा करता है। भारत की स्थिति इस पूरे विवाद में अपेक्षाकृत मजबूत है क्योंकि बीसीसीआई न केवल आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे ताकतवर बोर्ड है बल्कि आईसीसी की आय का सबसे बड़ा स्रोत भी है। इसलिए किसी भी विवाद में आईसीसी संतुलन साधने का प्रयास करेगी लेकिन अंततः नुकसान उसी को उठाना पड़ेगा जो आयोजन को बाधित कर रहा है। पाकिस्तान में क्रिकेट को लेकर पहले ही अस्थिरता रही है,कभी सुरक्षा कारण, कभी सरकार का हस्तक्षेप, कभी बोर्ड की अंदरूनी राजनीति इन सबने मिलकर पाकिस्तान क्रिकेट की विश्वसनीयता को कमजोर किया है और यह फैसला उसी कड़ी का अगला अध्याय लगता है। यदि पाकिस्तान वास्तव में क्रिकेट को "कब्रिस्तान" बनने से बचाना चाहता है तो उसे यह समझना होगा कि आधुनिक क्रिकेट केवल खेल नहीं बल्कि वैश्विक उद्योग है जहां भावनाओं से अधिक अनुबंध और पेशेवर प्रतिबद्धता मायने रखती है, भारत के खिलाफ न खेलने का निर्णय घरेलू राजनीति में भले ही तालियां बटोर ले, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह पाकिस्तान को अलग-थलग करने की दिशा में एक और कदम साबित हो सकता है।

अंततः नुकसान केवल सरकार या बोर्ड का नहीं होगा बल्कि उन खिलाड़ियों का होगा जिनके करियर, मेहनत और सपने इस अव्यवस्था की भेंट चढ़ेंगे, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि इस फैसले ने पाकिस्तान ने अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी नहीं बल्कि क्रिकेट रूपी आखिरी सहारे पर भी गहरी चोट कर दी है। यदि समय रहते आत्ममंथन नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास के पन्नों में गौरव से नहीं बल्कि चेतावनी के उदाहरण के रूप में दर्ज हो सकता है।

## एक नजर

### प्राचीन टांकेश्वर महादेव घाट पर माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**कांकेर, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम टंहाकापार स्थित महानदी तट के प्राचीन टांकेश्वर महादेव घाट पर माघी पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज के गांवों से सैकड़ों भक्त यहां पहुंचे और महानदी में पवित्र स्नान कर भगवान टांकेश्वर महादेव के शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।सुबह से ही घाट क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और धार्मिक उल्लास से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने महानदी में स्नान के बाद भगवान शिव से सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। माघी पूर्णिमा पर लगभग 30 से 35 किलोमीटर दूर के क्षेत्रों से श्रद्धालु टांकेश्वर महादेव तट पर पहुंचे। इस अवसर पर आस-पास के गांवों के देवी-देवताओं को भी पारंपरिक रूप से यहां लाया गया, जिससे धार्मिक आस्था और अधिक गहरी हुई। स्थानीय ग्रामीणों और बुजुर्गों के अनुसार, टांकेश्वर महादेव का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि यहां स्थापित शिवलिंग और नंदी स्वयं धारा से प्रकट हुए थे। कांकेर रियासत काल में भी राजा-महाराजा यहां दर्शन और पूजा के लिए आते थे। यह स्थल आज भी शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। टांकेश्वर महादेव घाट का आदिवासी समाज से भी गहरा जुड़ाव है। यहां ध्रुव गोंड समाज का जिला कार्यालय स्थित है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां पारंपरिक मेला भी लगता है, जिसमें सैकड़ों जोड़े विवाह बंधन में बंधते हैं।

### ग्रामीणों ने परंपरानुसार माता शीतला को गांव में किया आमंत्रित

**कांकेर, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़े में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ माता पहुंचानी मनाया गया। ग्रामीणों ने ग्राम देवी शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना, परिक्रमण एवं आराधना कर ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम के गायता गाडो राम पुडो, पटेल नरेश पुडो, सरपंच प्रेम पुडो एवं परिवार के प्रमुख दीपक पुडो द्वारा विधिविधान से माता की पूजा-अर्चना की गई। पूजा पश्चात ग्रामीणों द्वारा माता की परिक्रमा कर ग्राम की सीमाओं में शांति, सुरक्षा एवं समृद्धि की कामना की गई। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता को गांव में आमंत्रित किया, जिसे स्थानीय भाषा में माता पहुंचानी कहा जाता है। ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति गीतों के साथ माता को गांव में विराजमान किया गया। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक समरसता मजबूत होती है तथा आने वाले वर्ष के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### वन विभाग की जमीन नगर पालिका को आवंटित करन की मांग, प्रस्ताव पारित

**कोंड़ागांव, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नगरपालिका क्षेत्र अंर्तगत सुभाष वार्ड में वन विभाग कॉलोनी के क्वार्टर कंडम हो चुके हैं। इसे नए सिरे से बनाने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुभाष वार्ड पार्षद ने वन विभाग की जमीन नगर पालिका को आबंटित करने की मांग की है, नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव पारित हो चुका है। वार्ड पार्षद विकास अंभोरे ने वन विभाग की इस जमीन को नगर पालिका को देने मांग की है। पार्षद का कहना है वार्ड में नजूल भूमि नहीं है। जो थोड़ी नजूल भूमि थी, उसमें अतिक्रमण हो चुका। सुभाष वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 सड़क किनारे किराए के भवन में लग रही है। भवन छोटा है और बाथरूम तक की सुविधा नहीं है। आंगनबाड़ी भवन के लिए 17 लाख रुपए एक साल पहले स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन निर्माण नहीं हो पा रहा है। उपस्वास्थ्य केंद्र भी खुलना है, लेकिन जगह की कमी के कारण उपस्वास्थ्य केंद्र नहीं खुल पा रहा है। राशन दुकान एक छोटे भवन में बाजार के अंदर संचालित हो रहा है। राशन दुकान भवन भी बनना जरूरी है। सामुदायिक भवन भी वार्ड में जगह की कमी के कारण नहीं बन पा रहा है। सुभाष वार्ड पार्षद विकास अंभोरे ने बताया कि वार्ड में नजूल भूमि नहीं होने से आंगनबाड़ी, उपस्वास्थ्य केंद्र, राशन दुकान भवन सहित अन्य सरकारी भवन नहीं बन पा रहे हैं। वन विभाग को आवेदन देकर कंडम क्वार्टरों वाली जगह सरकारी भवनों के निर्माण के लिए देने मांग की गई है। नगरपालिका परिषद प्रस्ताव भी पारित हो चुका है।

# भाजपा राज में नशा चरम पर,जिला बना शराब का गढ़: तुलिका कर्मा

- जिले में बेलगाम होता जा रहा नशे का कारोबार
- नशे के सहारे राजस्व बढ़ा रही भाजपा सरकार, समाज और युवा बर्बादी की ओर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 फरवरी।** जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने जिले में तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार को लेकर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा हाल ही में बड़ी मात्रा में शराब की जप्ती यह साफसंकेत देती है कि जिले में अवैध शराब की लगातार और संगठित सप्लाई हो रही है, जिसे रोकने में शासन-प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। तुलिका कर्मा ने कहा कि यदि जिले में शराब की सप्लाई नहीं हो रही होती,तो इतनी बड़ी मात्रा में जप्ती का सवाल ही नहीं उठता। यह पूरे नेटवर्क की ओर इशारा करता है,जिसमें कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। वहीं इस मामले में गौर करने वाली बात यह है कि जप्त की हुई शराब से भरी गाड़ी मध्यप्रदेश से आई हुई थी। करीब एक हजार किलोमीटर चलकर आई गाड़ी की कहीं कोई चेकिंग नहीं हुई। मध्यप्रदेश से लेकर दंतेवाड़ा तक कितने थाने पड़ते हैं पर किसी की नजर इस गाड़ी पर नहीं पड़ी इससे पता चलता है कि हमारी कानून व्यवस्था कितनी लचर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस जैसे पावन अवसर पर भी प्रदेशभर में शराब की बिक्री जारी रहना बेहद शर्मनाक है। यह घटना बताती है कि भाजपा सरकार को न तो गांधीजी के आदर्शों की चिंता है और न ही समाज के नैतिक मूल्यों की। गांधीजी ने जीवन भर नशामुक्त समाज की बात की,लेकिन आज उन्हीं के बलिदान दिवस पर सरकार शराब बेचकर मुनाफा कमाने में जुटी रही। भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि उनके शासनकाल में अवैध शराब का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। सरकार ने बजट में नए शराब दुकानों को मंजूरी देकर यह साफ कर दिया है कि उनका असली एजेंडा युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलना है। इससे न केवल युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है, बल्कि आदिवासी अंचलों में सामाजिक ताना-बाना भी टूट रहा है। तूलिका ने कहा कि भाजपा सरकार राजस्व के नाम पर शराब को बढ़ावा दे रही है, जबकि इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर आंख मूंदे बैठी है। नशे की वजह से अपराध बढ़ रहे हैं, पारिवारिक कलह हो रही है और युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है।

तुलिका कर्मा ने सरकार से मांग की कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए ठोस नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

जनदर्शन में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 3 फरवरी ।** कलेक्टर नम्रता जैन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में पंच वार्ड क्रमांक 07 सुलेंगा द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर लगवाने, सोलर स्ट्रीट लाईट मरम्मत कराने, समस्त ग्रामवासी ग्राम कुस्तुरगुण्डा द्वारा अधूरा सड़क निर्माण, सरपंच पालकी द्वारा आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृति, श्यामधर ग्राम कोहकामेटा द्वारा राशि भुगतान, समस्त पारावासी ग्राम पंचायत आतरगांव द्वारा हेण्डपंप के संबंध में, समस्त ग्रामवासी कोंगेरा द्वारा राजस्व पट्टा, समस्त ग्रामवासी गारपा द्वारा नियद नेल्लानार ग्राम गारपा में अबुझमाड़िया जनजाति परिवार हेतु भूमि, सरपंच ग्राम पंचायत बिंजली द्वारा बिंजली मुण्डापारा में गोण्डवाना भवन स्वीकृत करने, कुमारी चमेली पोटाई द्वारा अपनी समस्या को लेके मिलने, सरपंच ग्राम पंचायत चांदागांव द्वारा निर्माण कार्यों की स्वीकृति, सरपंच ग्राम पंचायत चमेली द्वारा चमेली के आश्रित ग्राम बांहकेर एवं रोहताड़ में प्राथमिक शाला भवन की स्वीकृति और पहुंच मार्ग निर्माण, संतनाथ उसेण्डी जिला पंचायत सदस्य द्वारा एड़का रोड गरांजी में एड़का तक सकड़ के किनारे सोल्डर गड्डे पर मुरमीकरण एवं मरम्मत कराने, सरपंच ग्राम पंचायत गोटाजम्हरी द्वारा निर्माण कार्य, समस्त वार्डवासी नारायणपुर द्वारा सड़क निर्माण करवाने, जिला समन्वय इन्दु दर्रो समर्पित संस्था नारायणपुर द्वारा बाल विवाह जागरूकता रथ के संचालन एवं शुभारंभ हेतु अनुमति प्रदान करने, सरपंच ग्राम पंचायत नेतानार द्वारा नेतानार में निर्माण कार्य स्वीकृति, श्रीमती टेराबाई वैद्य द्वारा पूर्व का कास्त भूमि का वन अधिकार पट्टा देने, नरसु नुरेटी ग्राम कदेर द्वारा हैण्डपंप के संबंध में, खेमेश्वर देवांगन ग्राम देवगांव द्वारा भूमि आबंटित होने से खशीयत हेतु न्यायालय कलेक्टर से अनुमति, सरपंच ग्राम पंचायत ताड़ोपाल द्वारा ताड़ोपाल के आश्रित ग्राम खड़कागांव में आवागमन सुविधा हेतु 03 नया पुलिया निर्माण स्वीकृति, समस्त वार्डवासी नारायणपुर द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा हटवाने, रूपेश कुमार यादव कुम्हापारा द्वारा शासन द्वारा प्रदस्त पीएनजीपी सबसिडी को रिबिज करने, दिनेश कुमार सेन छोटेडोंगर द्वारा शासन द्वारा प्रदस्त पीएनजीपी सबसिडी को रिबिज करने, सरपंच ग्राम पंचायत टेमरूगांव द्वारा टेमरूगांव में सचिव नियुक्त करने, उप सरपंच ग्राम पंचायत आमगांव द्वारा झारा लेम्पस में पंजीकृत किसानों का दण्डवन लेम्पस में स्थानांतरण कराने, सुकमन कचलाम द्वारा ग्राम पंचायत भरण्डा के सड़क निर्माण कार्य का भुगतान राशि दिलाने और पार्वती मांझी द्वारा स्थानांतरण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर नम्रता जैन ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

### प्रदूषण जाँच केन्द्र खोलने हेतु आवेदन आमंत्रित

**नारायणपुर।** जिला परिवहन विभाग नारायणपुर द्वारा जिले में प्रदूषण जाँच केन्द्र खोले जाने हेतु आवेदन आमंत्रित गया है। परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिला नारायणपुर हेतु 05 प्रदूषण जाँच केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदूषण जाँच केन्द्र खोलने हेतु जिले के पेट्रोल पंप संचालक भी आवेदन कर सकते हैं। प्रदूषण जाँच केन्द्र के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को हाई स्कूल या हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रदूषण जाँच केन्द्र संचालन हेतु आवेदक या उनके कर्मचारी के पास आई.टी.आई. संस्थान से डीजल मैकेनिक या मैकेनिकल विधि में ट्रेड में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रदूषण जाँच केन्द्र हेतु आवेदन शुल्क 300 रूपये जमा कर कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकतें हैं या प्रदूषण जाँच केन्द्र संचालन के नियम एवं पात्रता के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी नारायणपुर में कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते है।

# बस्तर में छात्रों के परीक्षाओं के मद्देनजर कोलाहल पर शासन ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 3 फरवरी।** बस्तर जिला प्रशासन ने आगामी स्कूली और महाविद्यालयीन परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लिया है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का खलल न पड़े और वे एकाग्रचित्त होकर अपनी तैयारी कर सकें, इस उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आकाश छिकारा ने पूरे बस्तर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

प्रशासन द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे और तीव्र ध्वनि उत्पन्न करने वाले अन्य यंत्रों के प्रयोग पर रोक रहेगी। कलेक्टर ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाएं निकट हैं, ऐसे में शोर-शराबे से विद्यार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न होना स्वाभाविक है, जिसे रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाना अनिवार्य था।

प्रशासन ने चेतावनी भी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा 15 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, सामाजिक और व्यावहारिक जरूरतों को समझते हुए प्रशासन ने एक विकल्प भी खुला रखा है। यदि किसी विशेष प्रयोजन के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी या नगर दण्डाधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। ये अधिकारी परिस्थिति की जांच कर सीमित अवधि के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु सक्षम होंगे। यह आदेश पूरे परीक्षा काल तक प्रभावशील रहेगा।

## सीआरपीएफ जवान से पैरा तीरंदाज बने तोमन कुमार ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रचा इतिहास

**रायपुर, 3 फरवरी।** जब इरादे मजबूत हों, तो विपरीत परिस्थितियाँ भी रास्ता रोक नहीं पातीं। बिलासपुर के राज्य प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे पैरा तीरंदाज श्री तोमन कुमार ने इसे साकार कर दिखाया है। उन्होंने 7वीं एनटीपीसी पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पंजाब के एनएसआईएस पटियाला में 30 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में श्री तोमन कुमार ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक तथा टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को दोहरी सफलता दिलाई। टीम स्पर्धा में उन्होंने श्री अमित कीर्तनिया के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की। श्री तोमन कुमार पिछले दो वर्षों से बिलासपुर आर्चरी एकेडमी में तीरंदाजी का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ पैरा तीरंदाजी टीम के मुख्य प्रशिक्षक श्री मनमोहन पटेल के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियों में प्रशिक्षक श्री पंकज सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान है। बालोद जिले के श्री तोमन कुमार सीआरपीएफ के जवान रह चुके हैं। नक्सल ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट में उन्होंने अपना बायाँ पैर खो दिया, लेकिन इस कठिन हादसे ने उनके हौसले को कमजोर करने के बजाय और अधिक सशक्त बना दिया। जीवन की इस बड़ी चुनौती के बाद उन्होंने खेल को अपना संबल बनाया और पैरा तीरंदाजी में नया मुकाम हासिल किया। श्री तोमन कुमार वर्ष 2017 तक सक्रिय रूप से देश सेवा में कार्यरत रहे और आज भी उसी राष्ट्रभक्ति और जज़्बे के साथ खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खेल प्रेमियों में उत्साह और गर्व का माहौल है। उनकी संघर्ष गाथा न केवल पैरा खिलाड़ियों, बल्कि सामान्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है श्री तोमन कुमार अपनी उपलब्धियों और जज्बे से केवल एक सफल पैरा तीरंदाज ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के पैरा खेल जगत के लिए यूथ-आइकॉन के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

## बस्तर की औषधीय विरासत को मिलेगी नई पहचान

- सांसद महेश कश्यप ने आयुष मंत्री से जड़ी-बूटी अनुसंधान केंद्र खोलने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 3 फरवरी।** बस्तर संभाग की समृद्ध औषधीय विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने केंद्र सरकार से बस्तर में उच्च स्तरीय जड़ी-बूटी (औषधीय पादप) अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना की मांग की है। इस संबंध में सांसद कश्यप ने नई दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।

सांसद कश्यप ने आयुष मंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग अपनी जैव-विविधता, घने वन क्षेत्रों और दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। यहां सदियों से जनजातीय समुदाय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से जड़ी-बूटियों का उपयोग करते आ रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में सर्पगंधा, कालमेघ, अश्वगंधा, गिलोय, हर्रा-बहेरा, अर्जुन एवं सतावर जैसी बहुमूल्य औषधीय वनस्पतियां प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, लेकिन अब तक इनके वैज्ञानिक अनुसंधान और मूल्य संवर्धन के लिए कोई समर्पित केंद्र नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि आयुष मंत्रालय के अंतर्गत बस्तर में इस अनुसंधान केंद्र की स्थापना होती है, तो इससे स्थानीय औषधीय पादपों को वैज्ञानिक प्रमाणिकता मिलेगी। साथ ही यह केंद्र जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। पारंपरिक वैद्यों के पास मौजूद प्राचीन ज्ञान का संरक्षण भी इस केंद्र के माध्यम से संभव हो सकेगा, जो वर्तमान में लुप्त होने की कगार पर है।

सांसद कश्यप ने बताया कि इस पहल से स्थानीय किसानों और वनवासियों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी। इससे बस्तर की पहचान केवल कच्चे औषधीय पदार्थों की आपूर्ति करने वाले क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह क्षेत्र औषधीय अनुसंधान और तैयार आयुष उत्पादों के केंद्र के रूप में भी उभरेगा।

मुलाकात के दौरान केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सांसद महेश कश्यप की मांग को गंभीरता से सुना और बस्तर की जनभावनाओं तथा जनजातीय हितों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाला है केंद्रीय बजट : राहुल असरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 फरवरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा के जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश के युवाओं, छात्रों और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सरकार का विशेष फोकस सराहनीय है। राहुल असरानी ने बताया कि बजट में शिक्षा के लिए ?1,39,389 करोड़ तथा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ?1,04,599 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। इससे न केवल शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों की सुविधाएँ बेहतर होंगी, बल्कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ भी मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कॉलेजों और शोध संस्थानों के विकास के लिए किए गए प्रावधान आने वाले समय में देश की बौद्धिक और तकनीकी क्षमता को मजबूत करेंगे। समग्र शिक्षा, पीएम-श्री और पीएम-उषा जैसी योजनाओं के विस्तार से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा। साथ ही, छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण का निर्णय महिला शिक्षा को बढ़ावा देगा।

रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बजट में किए गए प्रयासों की भी राहुल असरानी ने प्रशंसा की। शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु प्रस्तावित यूनिवर्सिटी टाउनशिप तथा स्टैंडिंग कमेटी युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार करेंगी। एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट जैसे नए क्षेत्रों में लैब की स्थापना से युवाओं को आधुनिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना और विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, छात्रवृत्ति योजनाओं में बढ़ोतरी से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को शिक्षा जारी रखने में सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा, अस्पतालों के आधुनिकीकरण और मानव संसाधन विकास पर दिए गए जोर को भी राहुल असरानी ने दूरदर्शी कदम बताया। इससे भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित होंगी। राहुल असरानी ने कहा यह बजट देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में किए गए निवेश से भारत का भविष्य और अधिक सशक्त होगा। सरकार की ये योजनाएँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने बस्तर पंडुम-2026 की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की

**जगदलपुर 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने सोमवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर पंडुम 2026 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए तैयारियों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा।

असम के अधिकारियों ने मॉडल की कार्यप्रणाली का जमीनी स्तर पर लिया जायजा

# प्रधानमंत्री आवास का दंतेवाड़ा मॉडल अब असम में भी होगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकसित दंतेवाड़ा मॉडल अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इस क्रम में विगत दिवस इस मॉडल की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए असम राज्य से आए अधिकारियों के दल ने दंतेवाड़ा पहुंचकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। इस दल में असम राज्य से आए अधिकारियों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, असम के संयुक्त आयुक्त श्री धुबज्योति नाथ (एसीएस), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के राज्य परियोजना अभियंता श्री रंजीत दास एवं श्री नीलोत्पल मिश्रा शामिल रहे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी उपायुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय तथा महात्मा गांधी नरेगा के सहायक अभियंता श्री सोमकांत साहू भी निरीक्षण में उपस्थित थे। उपरोक्त अधिकारियों की माने तो दंतेवाड़ा मॉडल से प्रभावित होकर अब असम में भी इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संचालित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया और प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी प्रक्रिया, सामग्री की जांच तथा निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दंतेवाड़ा मॉडल के माध्यम से आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें राजमिस्त्री प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं स्थानीय ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण, सुरक्षा मानक, सामग्री की पहचान एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है. वहीं दूसरी ओर आत्मसमर्पित नक्सलियों को सम्मानजनक आजीविका भी प्राप्त हो रही है। असम से आए अधिकारियों ने दंतेवाड़ा प्रशासन द्वारा अपनाए गए इस नवाचारी मॉडल की सराहना करते हुए इसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास, विश्वास बहाली और विकास का प्रभावी उदाहरण बताया। अधिकारियों के अनुसार, दंतेवाड़ा मॉडल को असम में लागू किए जाने से वहां भी ग्रामीण आवास योजना को नई दिशा मिलेगी।

## एक नजर

### समय से पूर्व बंद मिले आंगनबाड़ी केन्द्र

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की स्थिति पर सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र सुभाष नगर, बंगाली कॉलोनी, बोईरदादर क्रमांक-3 एवं बाघ तालाब बंद पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के विरुद्ध एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सुभाष नगर की कार्यकर्ता लक्ष्मी सिंह एवं सहायिका सावित्री साहा, आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक-3 की कार्यकर्ता कुन्ती मालाकार एवं सहायिका उत्तरा यादव, तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बाघ तालाब की कार्यकर्ता नीलिमा सिंह एवं सहायिका अंजनी सिंह ठाकुर का एक दिन का मानदेय काटा जाएगा।उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक किया जाना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान केन्द्रों का बंद पाया जाना कार्य में लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। इस संबंध में संबंधित परियोजना अधिकारी को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए संबंधितों को चेतावनी भी दी गई है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**मोहला, 3 फरवरी ।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रत शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 08 जनवरी से 07 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की तिथि 08 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक होगी। तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 01 मार्च 2026 है।

### 16 फरवरी तक विकासखंड स्तर पर लगेंगे श्रमिक शिविर

**मोहला 3 फरवरी ।** जिले के श्रमिकों को शासन की योजनाओ का लाभ दिलाने श्रम विभाग द्वारा विकासखंडो में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग द्वारा जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमिकों का निर्माण श्रमिकों/असंगठित कर्मकारों का पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है।माह फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले श्रमिक शिविर के अनुक्रम अनुसार 3 फरवरी तथा 06 फरवरी को विकासखंड मोहला के ग्राम कुंजामटोला एवं पाटनवाडवी में, विकासखंड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम-मुड़पार एवं केतकीटोला में 09 फरवरी एवं 11 फरवरी को तथा विकासखंड मानपुर के ग्राम-तुमड़ीकसा में 13 फरवरी एवं ग्राम-सरखेड़ा में 16 फरवरी को श्रमिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी श्रमिकों से अपील है कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन एवं नवीनीकरण कराते हुए विभागीय योजना का भी लाभ लें।

### पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई कोरबा में 9 को

**कोरबा 3 फरवरी।** अप्रेंटिसषिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेषनल अप्रेंटिसषिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 09 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है।

आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेषनल अप्रेंटिसषिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/ प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रषिक्षाणार्थियों का नेषनल अप्रेंटिसषिप प्रमोषन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसषिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रषिक्षणार्थी औद्योगिक प्रषिक्षण संस्था कोरबा में 09 फरवरी को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### पाली महोत्सव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति 10 तक आमंत्रित

**कोरबा 03 फरवरी ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तषिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देष की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

जल संरक्षण को मिली गति, भविष्य के जल संकट से निपटने की ठोस तैयारी

# मोर गांव-मोर पानी से बदलेगी घरघोड़ा की तस्वीर

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में रायगढ़ जिला जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले का जल स्तर संवर रहा है और राष्ट्रीय पटल पर रायगढ़ का गौरव बढ़ रहा है। इसी क्रम में घरघोड़ा विकासखंड के तमनार क्षेत्र सहित कई ग्राम पंचायतों में चेक डैम और स्टॉप डैम निर्माण को स्वीकृति मिलने से किसानों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। सरपंचों एवं किसानों ने इस बहुप्रतीक्षित सौगात के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखंडों में जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। जिले में डबरी, स्टॉप डैम, चेक डैम, गैब्रियन संरचना, तालाब गहरीकरण, नवीन तालाब निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लूज बोल्डर चेक डैम, मिनी परकोलेशन टैंक एवं कुआं निर्माण जैसे कार्यों को बड़े पैमाने पर स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत सरकार के दिशा-



निर्देशों के अनुसार तमनार एवं पुसौर विकासखंड सेमी-क्रिटिकल श्रेणी में होने के कारण यहां जल संरक्षण पर 40 प्रतिशत व्यय किया जा रहा है, जबकि अन्य सुरक्षित विकासखंडों में 30 प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया गया है। इसका उद्देश्य आने वाले वर्षों में संभावित जल संकट से जिले को सुरक्षित रखना है।

### सोक पिट निर्माण का वृहद अभियान

जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता एवं जल संवर्धन को जोड़ते हुए लक्ष्य आधारित अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 10 दिनों में 1800 सोक पिट तथा 100 दिनों में 18 हजार सोक पिट निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशेष रूप से प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के घर के समीप एक सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे अपशिष्ट जल प्रबंधन के साथ-साथ भू-जल रिचार्ज सुनिश्चित हो सके।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रायगढ़ जिले को जल शक्ति जन भागीदारी 1.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार (25 लाख रुपये) प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से उत्साहित जिला प्रशासन अब जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 में भी शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

### घरघोड़ा विकासखंड में स्वीकृत चेक डेम व स्टॉप डेम

विकासखंड घरघोड़ा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निम्नानुसार जल संरक्षण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है इनमें कया ग्राम पंचायत-स्टॉप डेम निर्माण कार्य के लिए 16.681 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी तरह बटुराकछार ग्राम पंचायत में स्टॉप डेम निर्माण कार्य के लिए 16.681 लाख रुपए, चिमटापानी ग्राम पंचायत में चेक डेम निर्माण के लिए 16.474 लाख रुपए, पुसल्दा ग्राम पंचायत में चेक डेम निर्माण के लिए 16.440 लाख रुपए, टेरम ग्राम पंचायत में चेक डेम निर्माण के 17.002 लाख रुपए तथा चिल्कागुड़ा ग्राम पंचायत चेक डेम निर्माण कार्य के लिए 19.778 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन कार्यों की स्वीकृति पर सरपंच श्रीमती सुकान्ति राठिया, श्री निकेश राठिया, श्री ईंदरसाय राठिया, श्री संतुराम राठिया, श्रीमती श्यामवती राठिया एवं श्री प्रदीप कुमार राठिया सहित क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जनदर्शन में सुनी गई जनसामान्य की समस्याएं

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** जिला कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच एवं निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



जनदर्शन के दौरान विकासखंड पुसौर के ग्राम छिछोरउमरिया निवासी रामगोपाल चौहान एवं रामकुमार चौहान ने मकान क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि के कारण उनका मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी मौके पर हल्का पटवारी द्वारा जांच कर पंचायत पंचनामा प्रमाण-पत्र सहित प्रकरण तहसीलदार पुसौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद 5 से 6 माह बीत जाने के बाद भी आज तक क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसी क्रम में तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम आमापाली निवासी लोकनाथ सिंह ठाकुर ने आवेदन देते हुए बताया कि गांव में लगभग एक वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा प्रत्येक घर में नल कनेक्शन भी लगाए जा चुके हैं, किंतु अब तक नलों में जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो पाई है। इसके अतिरिक्त ग्राम ठाकुरदिया, खरसिया निवासी सुभाष अग्रवाल ने श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

विकासखंड तमनार की ग्राम पंचायत डोलेसरा अंतर्गत ग्राम कठरापाली के ग्रामीणों ने बताया कि यहां प्राथमिक शाला संचालित है, जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे अध्ययनरत हैं, किंतु मुख्य शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष दोनों ही जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने बच्चों के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त शाला भवन के निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने सभी आवेदनों की नियमानुसार जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन

### 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का होगा समग्र आकलन

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** जिले में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर के सटीक आकलन हेतु समुदाय की सक्रिय सहभागिता के साथ वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार यह अभियान 09 से 18 फरवरी तक जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जिले में वजन त्यौहार का आयोजन 12 सितंबर 2023 से 23 सितंबर 2024 तक किया गया था। कलेक्टर द्वारा संबंधित अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर क्लस्टरवार तिथियों का निर्धारण सुनिश्चित करें, ताकि सभी पात्र बच्चों का वजन समय पर लिया जा सके। वजन त्यौहार के दौरान बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊँचाई मापी जाएगी। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रत्येक बच्चे की जानकारी निर्धारित सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी। इसके माध्यम से कुपोषित बच्चों का अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे उनके लिए लक्षित पोषण एवं स्वास्थ्य हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर ने जिले के 06 वर्ष तक के सभी बच्चों के पालकों से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से अपने बच्चों को निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र में लेकर आएं और वजन त्यौहार में सहभागिता करें, ताकि बच्चों के पोषण स्तर की सही जानकारी प्राप्त हो सके और समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें ।

# प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन व एनपीएस ट्रेडर्स योजना के पंजीयन के लिए 4 फरवरी को शिविर

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के पंजीयन हेतु 4 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर निगम रायगढ़ में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से नवीन श्रम पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना से संबंधित आवेदन किया जाएगा। इच्छुक व पात्र श्रमिक आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता विवरण एवं मोबाइल नंबर के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर पात्रता जांच करवा सकते हैं और योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना के तहत फेरी लगाने वाले, कचरा बीनने वाले, हमाल, रिक्शा चालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, मितानिन, वनोपज श्रमिक, भूमिहीन व कृषि श्रमिक, मध्यान्ह भोजन रसोइया, चमड़ा व हाथकरघा उद्योग, मनरेगा, बीड़ी उद्योग सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शामिल हो सकते हैं। योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक ले सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस सरकारी के सदस्य या आयकर दाता नहीं हैं।

योजनांतर्गत हितग्राही को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान जमा करना होगा, जिसके बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा।

# महानदी आरती में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्‌भुत संगम



**महासमुंद 3 फरवरी ।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पावन अवसर पर प्रति दिवस महानदी तट पर शाम 7:30 बजे दिव्य महानदी आरती का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन इस आध्यात्मिक आयोजन में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री ओ.पी. चौधरी, सिरपुर गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दाऊ लाल चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, एसडीएम बसना श्री हरिशंकर पैकरा, डीएमसी श्री रेखराज शर्मा, सरपंच सिरपुर श्रीमती पुष्पा के. माली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु, पर्यटक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया तथा श्रद्धा भाव से महानदी आरती संपन्न की। महानदी आरती के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं मधुर भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। महानदी के पावन तट पर प्रज्ज्वलित सैकड़ों दीपों की आलोकित आभा, जल तरंगों पर झिलमिलाती रोशनी और सामूहिक आरती का भव्य एवं दिव्य दृश्य उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर गया। संपूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति और शांति से परिपूर्ण हो उठा।

### संगठित अपराध पर लगाम लगाने आईजी ने दिया निर्देश

**कोरबा 3 फरवरी ।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामगोपाल गर्ग सोमवार को कोरबा प्रवास पर रहे। यहां उन्होंने एसपी कार्यालय के सभागृह में मीडिया से चर्चा की। इस दौरान आईजी ने संगठित अपराध पर लगाम लगाने की बात कही।

उन्होंने समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप पुलिसिंग पर जोर दिया। अपराधियों में खौफऔर आम लोगों में पुलिस की अच्छी छवि के लिए कार्य पर जोर देने की बात कही। यह भी कहां कि थाना प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कर आने वाले समय में इसका रिव्यू कियाव जाएगा। आईजी की मौजूदगी में सशक्त मोबाइल एप लॉन्च किया गया। इसमें चोरी हुए वाहनों का डेटाबेस मौजूद रहेगा। यदि कोई सद्धिग्ध वाहन दिखता है, तो इस एप के जरिए यह पता लगाया जा सकता है, कि वह चोरी का वाहन है या नहीं। इसके अलावा कुछ दिनों में एक क्यूआर कोड फीडबैक के लिए जारी किया जाएगा, जो सभी थानों में मौजूद होगा। यह सीधे आईजी कार्यालय से मॉनिटर होगा।

## समाचार संक्षेप

### दूसरे दिन सिरपुर महोत्सव में बिखरी भक्ति, कला और लोक परंपरा की छटा



**महासमुंद 3 फरवरी ।** सिरपुर महोत्सव 2026 के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत सायं 4 बजे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा प्रस्तुत क्लासिकल वोकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट, तबला वादन एवं सुगम संगीत की सुमधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की उत्कृष्ट साधना और मधुर स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। इसके पश्चात सूफी स्पिरिचुअल म्यूजिक तथा कबीर संगीत संध्या की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए महोत्सव परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।साथ ही संरक्षण एवं विकास बौद्ध कला एवं सांस्कृतिक समाज, मध्य भारत, नागपुर द्वारा प्रस्तुत थेरीगाथा नाट्य मंचन ने बौद्ध संस्कृति, करुणा, त्याग एवं नारी चेतना के संदेश को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस प्रस्तुति ने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सशक्त रूप से उजागर किया। इसके बाद प्रस्तुत भरतनाट्यम नृत्य की आकर्षक और भावपूर्ण प्रस्तुति ने शास्त्रीय नृत्य की गरिमा, लय और सौंदर्य को मंच पर जीवंत कर दिया। नृत्य कलाकारों की भाव-भंगिमाओं और मुद्राओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर संध्या कार्यक्रम में भिलाई की प्रसिद्ध लोक कलाकार पुष्पा साहू द्वारा प्रस्तुत नवा किस्मत लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की रंगीन छटा बिखेर दी। उनकी ऊर्जावान और भावपूर्ण प्रस्तुति में पारंपरिक लोकगीत, नृत्य एवं नाट्य शैली का सुंदर समन्वय को दर्शकों ने खूब सराहा। पुष्पा साहू एवं उनकी टीम के मधुर गायन ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। इस दौरान पूरा महोत्सव परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा तथा दर्शक झूमते नजर आए। द्वितीय दिवस की सभी प्रस्तुतियों ने सिरपुर महोत्सव को शास्त्रीय कला, लोकपरंपरा, आध्यात्मिक संगीत एवं आधुनिक संस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में स्थापित किया।

### सिरपुर महोत्सव में इंडियन आइडल फेम कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

**महासमुंद, 3 फरवरी ।** सिरपुर महोत्सव के द्वितीय दिवस आयोजित संगीतमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कला, संस्कृति और संगीत की विविध विधाओं से रूबरू कराया। पूरे दिन एवं रात्रि तक चले कार्यक्रमों में शास्त्रीय, सूफी, भक्ति, लोक एवं आधुनिक संगीत का सुंदर संगम देखने को मिला, जिससे महोत्सव परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा।रात्रि सत्र में इंडियन आइडल फेम कलाकारों की विशेष प्रस्तुति महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक इंडियन आइडल सीजन 10 के नितिन कुमार, सीजन 12 के नचिकेत लेले एवं सुप्रसिद्ध गायिका वैशाली रायकवार ने अपनी सुमधुर, सशक्त एवं भावपूर्ण आवाज़ से मंच पर समां बांध दिया। तीनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत बॉलीवुड, सूफी, भक्ति एवं आधुनिक गीतों ने श्रोताओं को भावनाओं के विभिन्न रंगों से परिचित कराया। मधुर प्रेम गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए तो भक्ति और सूफी रचनाओं पर वातावरण श्रद्धा और शांति से भर उठा। आधुनिक गीतों की प्रस्तुति के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों और दर्शकों के बीच आत्मीय संवाद भी देखने को मिला। कलाकारों ने सिरपुर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता की सराहना करते हुए यहाँ प्रस्तुति देने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा दर्शकों के प्रेम और समर्थन के लिए आभार प्रकट किया।

### बेमेतरा जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम की उल्लेखनीय उपलब्धि

**बेमेतरा, 3 फरवरी।** उप संचालक कृषि श्री मोर ध्वज डडसेना के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में बेमेतरा जिले ने कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले में संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम ने इस वर्ष लक्ष्य से कहीं अधिक सफलता अर्जित करते हुए एक नई मिसाल कायम की है। निर्धारित 1348 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध जिले में कुल 2086 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन हेतु कृषकों का पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। यह उपलब्धि जिले के किसानों की बढ़ती जागरूकता, कृषि विभाग के सतत प्रयासों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से दलहन एवं तिलहन फसलों के प्रमाणित बीज उत्पादन को प्राथमिकता दी गई। कृषि विभाग द्वारा इन फसलों के महत्व को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम का संचालन किया गया, जिससे कृषकों का रुझान बीज उत्पादन की ओर बढ़ा।कार्यक्रम की सफलता में कृषि अधिकारियों एवं विस्तार कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाकर जानकारी दी गई। इन प्रयासों से किसानों का विश्वास बढ़ा और बड़ी संख्या में कृषकों ने स्वेच्छा से बीज उत्पादन कार्यक्रम में सहभागिता की।इस बढ़े हुए पंजीयन का सबसे बड़ा लाभ आगामी रबी सीजन में देखने को मिलेगा। जिले के किसानों को अब दलहन-तिलहन के प्रमाणित बीज पर्याप्त मात्रा में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगे। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।बीज उत्पादन कार्यक्रम की सफलता से बाहरी स्रोतों पर निर्भरता में कमी आएगी। स्थानीय स्तर पर प्रमाणित बीज उपलब्ध होने से बीज की गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति तथा लागत में कमी सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।इस कार्यक्रम की सफलता से जिले में दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार की प्रबल संभावनाएं बन गई हैं। यह पहल पोषण सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य में सुधार तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।कुल मिलाकर, बेमेतरा जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि सही योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और कृषकों की सक्रिय भागीदारी से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# पीएम श्रम योगी मानधन योजना के लिए 15 फरवरी तक विशेष पंजीकरण अभियान

**कोरबा 3 फरवरी ।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एन.पी.एस. टेड्डर्स योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 15 फरवरी तक विशेष पंजीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र से संबंधित उन श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रूपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित करती है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये तक है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर निगम के उपायुक्त श्री पवन वर्मा को योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें श्रम आयुक्त कोरबा से समन्वय स्थापित कर शासन के निर्देशानुसार योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा में योजना के नोडल अधिकारी उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत के असंगठित श्रमिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का संचालन देश में किया जा रहा है, यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा श्रमिकों को बुढापे में मासिक पेंशन सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एक स्वेच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सम्मान है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं। ई-श्रम पोर्टल के अनुसार 31 दिसम्बर 2024 तक 30 करोड़ 51 लाख से ज्यादा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर पंजीकृत हैं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के इन श्रमिकों के लिए बुढापे में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अनेक लाभ प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 फरवरी से 15 मार्च तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा।

**असंगठित क्षेत्र के इन कामगारों को किया गया योजना में शामिल** - असंगठित क्षेत्र के कामगारों में ज्यादातर घर में काम करने वाले मजदूर, रेहणी पटरी वाले, मिड डे मील वर्कर, सिर पर बोझा ढोने वाले, ईंट भट्ठा मजदूर, मोची, कूडा बीनने वाले मजदूर, घरेलू कामगार, धोबी, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, कृषि मजदूर, निर्माण स्थल पर काम करने वाले मजदूर, बीडी मजदूर, हथकरघा मजदूर, चमड़ा मजदूर, आडियो विजुअल मजूदर या इसी तरह के दूसरे कामों में लगे हुए कामगार शामिल हैं।

**स्वेच्छिक एवं अंशदायी सुनिश्चित पेंशन योजना** - प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना स्वेच्छिक योजना है, जो श्रमिकों को उनकी सामर्थ और आवश्यकता के आधार पर अंशदान करने की सुविधा प्रदान करती है तथा इसमें सरकारी अंशदान के रूप में केन्द्र सरकार के द्वारा श्रमिक के द्वारा किए गए अंशदान के बराबर अंशदान जमा कराया जाता है, योजना अंतर्गत 18 वर्ष आयु हेतु 55 रूपये, 20 वर्ष हेतु 65 रूपये, 25 वर्ष हेतु 80 रूपये, 30 हेतु 105 रूपये, 35 वर्ष हेतु 150 रूपये तथा 40 वर्ष की आयु वाले श्रमिकों हेतु 200 रूपये मासिक अंशदान जमा करने का प्रावधान हैं, वहीं इसी के समान अंशदान भारत सरकार द्वारा भी जमा कराया जाता है, लाभार्थी की आयु 60 वर्ष होने के बाद उसे जीवन भर 300 रूपये प्रतिमाह की निश्चित पेंशन मिलने शुरू हो जाती है, यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो पति या पत्नी को पेंशन राशि का 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन के रूप में प्राप्त होता है।

**योजना में पंजीकरण हेतु पात्रता** - प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीकरण हेतु श्रमिक की आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए तथा उसकी मासिक आय 15 हजार रूपये या उससे कम होनी चाहिए, इसके साथ ही उन्हें असंगठित क्षेत्र में उपरोक्तानुसार व्यवसायों का श्रमिक होना भी आवश्यक है। श्रमिक को कर्मचारी भविष्यनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, राष्ट्रीय पेंशन योजना आदि के अंतर्गत कवर नहीं होना चाहिए, उन्हें आय करदाता भी नहीं होना चाहिए तथा किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना का लाभ उन्हें नहीं प्राप्त हो रहा है, यह सुनिश्चित करना चाहिए।

**कामन सर्विस सेंटर में पंजीकरण सुविधा उपलब्ध** - प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीकरण की सुविधा सभी कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध है, पंजीकरण के इच्छुक श्रमिक आधार कार्ड और बचत बैंक खाता पासबुक के साथ किसी भी कामन सर्विस सेंटर में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं, वैकल्पिक रूप से पात्र श्रमिक मानधन पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं।

## एक नजर

### भाटापारा रेल्वे स्टेशन में यात्री की तबियत बिगड़ने से मौत

**भाटापारा 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा के स्टेशन मास्टर अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सोमवार दोपहर 12:30 बजे बिलासपुर हापा जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस मे बिलासपुर से सफर कर रहे नरेन्द्र तेजानी उम्र 65 वर्ष एसी 2 मे सफर कर रहे थे बिलासपुर से ट्रेन छूटते ही उनकी तबियत अचानक बिगड गई और भाटापारा रेल्वे स्टेशन आने के पूर्व उनकी मृत्यु हो गई इसकी जानकारी टीटी स्टाफ ने कंट्रोल रूम व भाटापारा स्टेशन मास्टर को दी भाटापारा मे ट्रेन के रूकने के बाद उसे उतारा गया और निकट के अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अजयसिंह ने बताया ट्रेन बिलासपुर से छूटते ही वह बेहोश हो गया, यहां ट्रेन पहुंचने के बाद जीआरपी,आरपीएफव रेल्वे स्टाफने उसे उतारा संभावना है कि उसकी मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय में लोगों से की मुलाकात

**रायपुर, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में क्षेत्र से आए लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लोगों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए वे हर समय उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशीराम धुर्वे, श्री संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा श्री गणेश तिवारी, बोडला श्री नंद श्रीवास, श्री नरेंद्र मानिकपुरी, श्री मनीराम साहू, श्री अमर कुर्रे सहित जन प्रतिनिधि, क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

### रतनपुर में बनेगा भव्य ऑडिटोरियम, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की घोषणा

**रायपुर, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 1 फरवरी को रतनपुर में माघी पूर्णिमा एवं आदिवासी विकास मेला वर्ष-2026 का शुभारंभ किया। श्री साव ने इस अवसर पर ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए और नगर पालिका भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि रतनपुर पवित्र और पौराणिक नगरी है, इसकी ख्याति दुनिया भर में है। इस ख्याति के अनुरूप यहां बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह कभी छत्तीसगढ़ की राजधानी रही है। इसके अनुरूप गरिमा बढ़ाने का काम करेंगे। श्री साव ने बताया कि रतनपुर को कॉरीडोर के रूप में विकसित करने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के धार्मिक स्थलों को सजाने और संवारने का काम हुआ है। मां महामाया की कृपा से रतनपुर को भी संवारेंगे। रतनपुर के तालाबों के सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसे सुंदर बनाने पूरे मन से कार्य करेंगे। विधायक श्री सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी और नगर पालिका के अध्यक्ष श्री लवकुश कश्यप सहित पार्षदगण एवं नगरवासी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

### डाक विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से खाताधारकों को हुआ भारी नुकसान, उपभोक्ता आयोग ने भुगतान का दिया आदेश

**रायपुर,3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डाक बचत खातों में एजेंट एवं विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से हुए अनियमित आहरण के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने भारतीय डाक विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए खाताधारकों को राशि भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने माना कि विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता के बिना इस प्रकार का आहरण संभव नहीं था। राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी अनिल कुमार पाण्डेय, उनकी पत्नी एवं पुत्री द्वारा डाक बचत अभिकर्ता भूपेन्द्र पाण्डेय एवं आकांक्षा पाण्डेय के माध्यम से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय डाकघर में अगस्त 2016 से नवंबर 2020 के बीच कुल 19 टी.डी.आर. खाते एवं 2 आवर्ती जमा खाते खुलवाए गए थे। इन खातों की कुल परिपक्वता राशि लगभग 1 करोड़ 97 लाख रुपये थी। परिवादीगण के अनुसार पूर्व खातों की परिपक्वता राशि के पुनर्निवेश हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं पोस्टमास्टर के नाम से चेक जारी किए गए थे।

# महापौर ने शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने कचरा परिवहन वाहनों में ग्रीन नेट लगाने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**रायपुर 3 फरवरी।** राजधानी शहर रायपुर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने स्वच्छता की जिम्मेदारी निभा रहे ड्राइवरों एवं सफाई मित्रों से संवाद किया। इस अवसर पर महापौर ने निर्देश दिए कि कचरा परिवहन के दौरान कचरे के फैलाव को रोकने एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी कचरा परिवहन वाहनों में एक ही प्रकार एवं मानक की ग्रीन नेट अनिवार्य रूप से लगाई जाए।

बैठक में इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया गया कि घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण के पश्चात उसे ट्रांसफर स्टेशन तक ले जाते समय प्रत्येक कचरा वाहन पर निर्धारित मानक की ग्रीन नेट लगी हो। इससे पहले कचरा ढकने के लिए अलग अलग प्रकार के तिरपालों का उपयोग किया जाता था, जिससे एकरूपता की कमी रहती थी तथा कचरा गिरने की संभावना बनी रहती थी। नई व्यवस्था के तहत अब सभी वाहनों पर एक समान मानक एवं टिकाऊ ग्रीन नेट का प्रयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि कचरा परिवहन के दौरान सड़कों पर कचरे का गिरना न केवल अस्वच्छता फैलाता है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ग्रीन नेट के उपयोग से कचरा सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुँचेगा, सड़कें स्वच्छ रहेंगी और शहर की स्वच्छ तथा सुव्यवस्थित छवि सुदृढ़ होगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार अपशिष्ट का संग्रहण एवं प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन इस प्रकार किया जाना चाहिए कि परिवहन के दौरान कचरा खुले में न गिरे, न फैले तथा पर्यावरण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

महापौर ने ड्राइवरों एवं सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए उनसे स्वच्छता अभियान में निरंतर सक्रिय सहभागिता बनाए रखने की अपील की। साथ ही रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारियों एवं रामकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड श्री योगेश कुमार को निर्देशित किया गया कि वे इस व्यवस्था का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा नियमित निगरानी के माध्यम से इसके प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करें।

### ग्रीष्म ऋतु के पहले होगा समस्या का समाधान

# जोन कार्यालयों के माध्यम से लो-प्रेशर वाटर सप्लाई का किया जायेगा परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर. 3 फरवरी।** रायपुर नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में लो-प्रेशर वाटर सप्लाई की समस्या को दूर करने नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रांरभ किया जा रहा है। शहर के जिन इलाकों में लो-प्रेशर की समस्या आ रही है, वहां संबंधित जोन कार्यालयों के माध्यम से परीक्षण कराया जायेगा। रायपुर के सभी 70 वार्डो का निरीक्षण जल बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कर समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर आगामी ग्रीष्म ऋतु के पहले समाधान किया जायेगा।



रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 70 वार्डो में 45 टंकियों से जल वितरण वाहिनी के माध्यम से जल प्रदाय सुनिश्चित की जाती है। अमृत मिशन योजनांतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग क्षमता के कुल 14 ओव्हरहेड टैंकों के निर्माण किये गये हैं। शहर के 20 वार्डों के संपूर्ण क्षेत्र में तथा 25 वार्डों में आंशिक क्षेत्रों में नवीन पाइपलाइन बिछाकर नये कनेक्शन का कार्य कराया गया है। स्मार्ट सिटी के 24x7 मोतीबाग टंकी के कमाण्ड एरिया एवं गंज टंकी के कमाण्ड एरिया के 16 वार्डो में नया डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाकर नये नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 70 वार्डो में से किसी भी वार्ड में गंदे पानी की शिकायत नहीं है। विगत माह गायत्री नगर, सेल्स टैक्स कॉलोनी व पिंक सिटी कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायत आने पर तत्काल डेमेज्ड पाइपलाइन्स को सुधार कर इन क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। वर्तमान में गंदे पानी की शिकायत किसी भी जोन से प्राप्त नहीं हुई है। जोन-4 के अंतर्गत मोतीबाग, न्यू बैरनबाजार, पुराना बैरनबाजार एवं महापौर निवास में स्थित 4 ओव्हरहेड टैंकों के माध्यम से जल प्रदाय सुनिश्चित की जाती है। इन क्षेत्रों के न्यू पंचशील नगर, कटोरातालाब, मीनाक्षी ब्यूटी पार्लर के पास का क्षेत्र, महिला थाना, पुराना शांति नगर एवं ब्राह्मण पारा वार्ड के सोहागा मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, रामजानकी मंदिर, पटवा पारा एवं ढीमर पारा में जल प्रदाय किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में विगत दिनों स्मार्ट सिटी के 24×7 मोतीबाग कमाण्ड एरिया में ट्रायल बेसिस पर जल प्रदाय सुनिश्चित की जा रही थी, जिसके कारण न्यू बैरन बाजार के पृथक-पृथक सप्लाई समय को नियंत्रित करते हुए प्रायोगिक तौर पर सप्लाई किया गया था। ट्रायल के दौरान आंशिक क्षेत्रों में लो-प्रेशर एवं कम पानी प्राप्त होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस परीक्षण के कारण कुछ क्षेत्रों में लो-प्रेशर की समस्या उत्पन्न हुई थी। वर्तमान में सभी क्षेत्रों में पूर्व की भांति जल प्रदाय सुनिश्चित की जा रही है। रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि ब्राह्मण पारा वार्ड के सोहागा मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र जिसमें रामजानकी मंदिर, पटवा पारा एवं ढीमर पारा में लो-प्रेशर की समस्या को दूर करने नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रांरभ किया जा रहा है। जहां भी लो-प्रेशर की समस्या आ रही है, वहां जोन कार्यालयों के माध्यम से परीक्षण एवं निरीक्षण कर जल बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार क्षेत्रों को चिन्हांकित कर आगामी ग्रीष्म ऋतु के पहले समाधान किया जाएगा।

# बजट 'विकसित भारत बनाने की दिशा में मजबूत कदम: शशिकांत द्विवेदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 3 फरवरी।** प्रदेश भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार बजट का पूंजीगत व्यय 12.20 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँचना ऐतिहासिक है, जो बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल आम आदमी, किसान और युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला है, बल्कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग व महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। श्री द्विवेदी ने किसानों के हित में बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस बजट में 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों को विकसित किए जाने का प्रावधान किया गया है जिससे किसान मछली पालन कर अपनी आजीविका चला सके। यह बजट दूध डेयरी को प्रोत्साहित करेगा तथा छोटे व्यापारियों , महिला समूह के लिए वरदान साबित होगा। द्विवेदी ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल तथा गांवों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के लिए शी-मार्ट्स खोले जाएंगे , यहां महिलाएं अपने बनाए उत्पादों की स्वयं मालिक होंगी और सीधे बाजार में बेंच सकेंगी। इस प्रकार श्री द्विवेदी ने किसानों,युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बजट में किए गए प्रावधान की सराहना की। द्विवेदी के अनुसार, कर्तव्य भवन में तैयार यह पहला बजट नीति, निवेश और विश्वास का संगम है, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत नींव रखेगा।

# केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बजट को बताया विकसित भारत की मजबूत आधारशिला

**रायपुर 3 फरवरी।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी, समावेशी और परिवर्तनकारी दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त रोडमैप है।



श्री साहू ने कहा कि ?53.5 लाख करोड़ के कुल परिव्यय और लगभग ?27 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय के साथ यह बजट देश की विकास यात्रा को नई गति प्रदान करेगा। राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित किया गया है, जो सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह बजट तीन कर्तव्यों पर आधारित है–आर्थिक विकास, जनसशक्तिकरण और समावेशी प्रगति। उन्होंने कहा कि ?10,000 करोड़ की बायोफार्मा मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, तथा टेक्सटाइल और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले प्रावधान भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाएंगे।

श्री साहू ने अवसंरचना क्षेत्र में ?12.2 लाख करोड़ के पूंजीगत निवेश को विकास का इंजन बताते हुए कहा कि इससे फ्रेट कॉरिडोर, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और शहरी आर्थिक क्षेत्रों का विस्तार होगा, जिससे रोजगार सृजन और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया गया है। विश्वविद्यालय टाउनशिप, महिला छात्रावास, पर्यटन और खेलो इंडिया मिशन जैसी पहलें युवाओं को नई संभावनाएं प्रदान करेंगी।

छत्तीसगढ़ के संदर्भ में श्री साहू ने कहा कि यह बजट राज्य के लिए नए अवसर लेकर आया है। बायोफार्मा हब, सेमीकंडक्टर मिशन, टेक्सटाइल पार्क, एमएसएमई सहायता, कार्बन क्रेडिट और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी योजनाएं राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देंगी। उन्होंने बताया कि ?5,000 करोड़ के अर्बन इकोनॉमिक रीजन, म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोत्साहन और शहरी बुनियादी ढांचे के सुधार से छत्तीसगढ़ के शहरों को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही, कर सुधारों से नागरिकों और उद्यमियों को पारदर्शी और सरल व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण, समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्रीय बजट 2026-27 भारत को वर्ष 2047 तक एक सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# कबीरपंथ का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 3 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बहुत आगे ले जाना है और विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा करना है। उन्होंने संत समागम समारोह दामाखेड़ा की राशि 50 लाख रूपये से बढाकर 75 लाख रूपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कल रविवार को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सतगुरु कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब,पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहब को चादर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय माघ पूर्णिमा की शुभकामनायें देते हुए कहा कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा का संत समागम समारोह हर साल भव्य होते जा रहा है जो लोगों में बढ़ते आस्था का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कबीरपंथ का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव है इसलिए यहां के लोग शांति प्रिय है। उन्होंने कहा कि वे बचपन से ही कबीर पंथ से परिचित है और उनके गांव बगिया में भी 8-10 कबीर पंथी परिवार है। उन्होंने दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर करने के संबंध में बताया कि राजपत्र में प्रकाशन हेतु अंतिम प्रक्रिया जारी है। श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से लोगों को सीधा फायदा मिल रहा है। अब ?मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास की बाधा की नक्सलवाद अब जल्द ही जड़ से समाप्त होने वाला है। नक्सलवाद का प्रदेश से 31 मार्च 2026 तक समूल नष्ट हो जाएगा। हमने जनता से किया वादा को तेजी से पूरा किया है।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि पंथ श्री उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक अद्भुत और अलौकिक रहा। पंथ श्री ने वृक्षारोपण, समाज सेवा, नशामुक्ति एवं युवा उत्थान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पंथ श्री का दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कबीर आश्रम के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर हमेशा चिंतित रहते है और शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हैं। कार्यक्रम को खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, भाटापारा विधायक श्री इंद्र साव ने भी सम्बोधित किया। समारोह में पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहब ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष माघ मेला के प्रथम दिन बसंत पंचमी के अवसर पर कबीर पंथ के नये संवाहक 16 वें वंशाचार्य पंथी श्री उदित मुनि नाम साहेब का चादर तिलक संपन्न हुआ।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना में मत्स्य विक्रेताओं को मिला बाइक सह आइसबाक्स



**रायपुर, 3 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत मत्स्य विक्रेता को मोटर सायकल सह आइस बॉक्स प्रदाय किया गया है. जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा स्थानीय बंधा तालाब गार्डन में 31 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मत्स्यपालन विभाग द्वारा प्रदर्शनी के रूप में बतख सह मछली पालन तथा उद्यानिकी सह मछली पालन का मॉडल तैयार कर विभागीय योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। किसान मेला संगोष्ठी के दौरान मत्स्यपालन विभाग द्वारा शासन की 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना' के अंतर्गत फुटकर मत्स्य विक्रेताओं को मोटरसाइकिल सह आइस बॉक्स प्रदान किए गए। इस योजना के अंतर्गत श्री संपत मरकाम - विकासखंड बड़े राजपुर, श्री भूपेंद्र नाग दृ विकासखंड केशकाल और श्री रामसाय कश्यप - ग्राम कमेला, विकासखंड कोण्डागांव को लाभान्वित किया गया। मत्स्यपालन विभाग की ओर से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर योजना की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को मत्स्यपालन से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। यह योजना मत्स्य विक्रेताओं को सुदृढ़ आजीविका प्रदान करने एवं मत्स्य उत्पादों के सुरक्षित परिवहन एवं विक्रय में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री नंदलाल राठौर, श्री मनोज जैन, श्री जितेन्द्र सुराना, श्री जैनेन्द्र ठाकुर, श्री नागेश देवांगन, सुश्री सोनामणि पोयाम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई, अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चाली ठाकुर, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सरकारी नाले पर अतिक्रमण मामले में सीएमओ ने भेजा नोटिस,पीडब्ल्यूडी की भूमिका संदेह के घेरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 3 फरवरी।** वार्ड नंबर 2 खैरागढ़ रोड स्थित सरकारी नाले पर हुए अवैध अतिक्रमण के मामले में नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। एक ओर जहां पालिका प्रशासन ने जांच के आदेश देते हुए अतिक्रमण हटाने का भरोसा दिलाया है, वहीं दूसरी ओर इस पूरे प्रकरण में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 में एक पाइप फैक्ट्री संचालक द्वारा सरकारी अवकाश के दिन बेधड़क अपनी फैक्ट्री के सामने स्थित पालिका के बड़े नाले पर अतिक्रमण कर दिया गया। जिस तरीके से यह निर्माण कार्य किया गया, उसने सीधे-सीधे प्रशासन को चुनौती देने का संदेश दिया। मामला तूल पकड़ने के बाद अब नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। नगर पालिका द्वारा शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया गया है कि बड़े नाले पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि दो दिनों के भीतर संचालक द्वारा किए गए पूरे अतिक्रमण को हटाया जाएगा। यदि तय समय में कब्जा नहीं हटाया गया तो आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस पूरे मामले में लोक निर्माण विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। जानकारों का कहना है कि यदि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा तीन महीने पहले ही इस निर्माण पर आपत्ति दर्ज कर रोक लगा दी जाती, तो अतिक्रमणकारी के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। बताया जा रहा है कि पाइप फैक्ट्री संचालक ने करीब दो-तीन महीने पहले पालिका के लगभग 14 फीट चौड़े नाले को बंद करने के लिए मात्र 3 फीट के पाइप का उपयोग कर पूरे नाले पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद धीरे-धीरे मुख्य सड़क की सरकारी जमीन पर भी कब्जा जमाने का प्रयास किया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने के बावजूद उस समय किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं की गई। अब जब मामला सार्वजनिक हुआ और विरोध बढ़ा, तब विभागीय स्तर पर नोटिस की बात सामने आ रही है, जिससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पूरे शहर की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या वाकई अतिक्रमण तय समय पर हटेगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। साथ ही यह भी देखना होगा कि लोक निर्माण विभाग की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं। इस संबंध में डोंगरगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही सर्वप्रथम नोटिस जारी कर संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.
### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक. 212/NIT-48/2025-26/व.ले.लि. नवा रायपुर, दिनांक 30/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 48 T0160 | स्ट्रीट लाईट का मरम्मत और विद्युतीकरण कार्य, हाडाबंद आरओबी, ब्लाक बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग.। द्वितीय आमंत्रण | 8.52 |
| 48 T0161 | महासमुंद छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के कार्यालय सह गोदाम के निर्माण के लिए विद्युतीकरण का कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 7.47 |

नोटः- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09/02/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक है। निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उलपब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्तेंः- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
जी- 252606401/4 लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.



## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग
## ईश्तहार

रा.प्र.क्र 202601104700040/ अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेमंत कुमार साहू पिता- श्री जागेश्वर साहू उम्र-39 वर्ष निवासी- ग्राम चिखली, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जुनवानी स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 137/8 रकबा - 2400 वर्गफीट = 0.02 हे. परिवर्तित (प्लॉट नंबर 22) भूमि को विक्रेता श्री राजेश शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा निवासी रॉयल ग्रीन वैली जुनवानी भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 04/04/2014 को क्रय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 13/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक-22/01/2026
सुनवाई दिनांक-13/02/2026

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग-01

एक नजर

## छत्तीसगढ़ का बजट गांव, गरीब और किसानों के हित में होगा : चौधरी

**रायपुर, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत 23 फरवरी से होने जा रही है।



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे लेकर कहा है कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ज्ञान और गति के बाद अब विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में बजट पेश किया जाएगा। बजट में गांव, गरीब और किसानों पर फोकस होगा। कांग्रेस द्वारा यह सवाल उठाए जाने पर कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को क्या मिला वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब सवाल करने की नैतिकता नहीं बची है। ओपी चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के लिए शानदार केंद्रीय बजट पेश किया गया है और उसमें छत्तीसगढ़ को बहुत कुछ मिला है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता पर्दे के पीछे सरकार के कामों की तारीफ करते हैं।

## टेनिस स्पर्धा के लिए दिलीप व रीमा का चयन



**रायपुर, 3 फरवरी।** अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा हार्वेस्ट टेनिस एकेडमी लुधियाना में आयोजित दूसरी वर्ल्ड जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के दो ऑफिशियल दिलीप विश्वकर्मा एवं रीमा राय का चयन इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑफिशिएटिंग हेतु हुआ है जो अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के लिये गर्व का विषय है। छग साफ्ट टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, महासचिव प्रमोद सिंह ठाकुर, रवि धनगर, संजय शुक्ला, अनिल राय, अनिल अग्रवाल, उमेश ठाकुर, रवि पिल्ले तथा राजेश पाटिल सहित समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## युवाओं के लिए नया आर्थिक प्लान

**रायपुर, 3 फरवरी।** भारत आज एक अहम् मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दस वर्ष देश के युवाओं को समर्पित हैं, जो सपने देखने वाले भी हैं और उन्हें पूरा करने वाले भी और साथ ही जो देश की आर्थिक दिशा तय कर रहे हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के अनुसार, करीब 65% भारतीयों की उम्र 35 वर्ष से कम है। चाहे पहला घर खरीदना हो या जल्दी रिटायरमेंट की योजना बनाना, सपनों को हकीकत में बदलने के लिए लंबे समय तक अनुशासित वित्तीय योजना और बचत बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ तैयार किया गया, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक ऐसा मार्केट-लिंक्ड जीवन बीमा उत्पाद है, जो कमाने वाले युवाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखता है।

### निधन

## हरिराम सिंह

**रायपुर, 3 फरवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर



डॉक्टर हरिराम सिंह का निधन हो गया है। सिंह रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे हैं और यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन सांख्यिकी के पेपर सेटर भी थे। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंसनर्स कल्याण संघ के साथ साथ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने दुख प्रकट किया है।

### पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा

# जनविश्वास ही पुलिस की असली ताकत

**रायपुर, 3 फरवरी।** कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद कमिश्नरेट पुलिस रायपुर द्वारा जनविश्वास को सुदृढ़ करने और बेहतर पुलिसिंग को व्यवहार में उतारने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला (आईपीएस) ने कमिश्नरेट रायपुर के सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए शंकर नगर स्थित सभागार में कमिश्नरी प्रणाली में पुलिस की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं जनअपेक्षाओं को लेकर एक सेमिनार आयोजित किया गया। यह सेमिनार रायपुर जिले के आरक्षक स्तर से लेकर पुलिस कमिश्नर तक समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था।

सेमिनार के दौरान रायपुर कमिश्नरेट के सभी प्रमुख जोन अधिकारियों का उनके अधीनस्थ अराजपत्रित अधिकारियों से परिचय कराया गया। इस अवसर पर डीसीपी नॉर्थ ज़ोन मयंक गुर्जर, डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल तथा डीसीपी सेंट्रल ज़ोन उमेश प्रसाद गुप्ता ने अपने-अपने जोन, कार्यक्षेत्र, प्राथमिकताओं तथा अधीनस्थ एसीपी डिवीजनों की भूमिका के संबंध में जानकारी साझा की।






पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला (आईपीएस) ने अपने संबोधन में कहा कि कमिश्नरी सिस्टम का उद्देश्य केवल अधिकारों का विस्तार नहीं, बल्कि पुलिस और आम नागरिक के बीच भरोसे का मजबूत सेतु बनाना है। उन्होंने कहा कि भयमुक्त और सुरक्षित रायपुर का निर्माण तभी संभव है, जब पुलिस संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे।

डॉ. शुक्ला ने पुलिसकर्मियों को बेसिक पुलिसिंग का पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभ्य व्यक्तिगत आचरण, नागरिकों से शालीन व्यवहार और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनकर वैधानिक समाधान देना ही जनविश्वास की नींव है। उन्होंने बताया कि शिकायतों की समीक्षा में यह स्पष्ट होता है कि कई मामलों में नागरिकों को अपेक्षित सुनवाई नहीं मिल पाती, जिसे सुधारात्मक सोच के साथ दूर किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि विजिबल पुलिसिंग का उद्देश्य केवल उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा देना है। इसलिए ऐसी पुलिसिंग वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में हो, जिससे आमजन स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधियों के प्रति कानून सख्त रहेगा, जबकि आम नागरिकों के प्रति पुलिस का व्यवहार सहयोगात्मक और मानवीय होगा।

पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों को स्वच्छ वेशभूषा, अनुशासित कार्यशैली और मर्यादित व्यवहार अपनाने की अपील करते हुए कहा कि एक सजग, अनुशासित और संवेदनशील पुलिस बल ही समाज में विश्वास पैदा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल, एडिशनल डीसीपी अर्चना झा, एडिशनल डीसीपी राहुद देव शर्मा, एडिशनल डीसीपी आकाश मरकाम सहित समस्त एसीपी एवं थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## तेंदूपत्ता पर टीसीएस में कटौती से 13 लाख संग्राहकों को मिलेगा लाभ : भाजपा

**रायपुर, 3 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट में तेंदूपत्ता पर लगने वाले टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीसीएस) को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने के फैसले स्वागत योग्य है। ठाकुर ने इस निर्णय को राज्य के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक संबल बताया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने तेंदूपत्ता पर टीसीएस की दर में 3 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे अब यह 5 फीसद के बजाय केवल 2 फीसद रह गई है। छत्तीसगढ़ में लगभग 13 लाख परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य से जुड़े हैं। इस कटौती का सीधा लाभ इन परिवारों की आय में वृद्धि के रूप में मिलेगा। तेंदूपत्ता संग्रहण में मुख्य रूप से आदिवासी और जनजातीय समाज के लोग शामिल हैं। यह निर्णय उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ठाकुर ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दूरदर्शी निर्णय तथा राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों के लिए छत्तीसगढ़ के संग्राहक परिवारों की ओर से आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री साय सदैव जनजातीय परिवारों और तेंदूपत्ता संग्राहकों की आर्थिक उन्नति के लिए समर्पित रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा टीसीएस में की गई यह कटौती उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। इससे हमारे प्रदेश के लाखों परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ की ग्रामीण और जनजातीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला साबित होगा।

## जनकल्याण का कार्य करेगा कन्नोजिया साहू समाज



**रायपुर, 3 फरवरी।** कन्नोजिया साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा आम सभा का आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में समिति के द्वारा पिछले वर्ष किये कार्यो से सभी सदस्यों को अवगत करवाया गया और यह संकल्प भी लिया गया कि समिति जन-कल्याण का कार्य पिछले वर्ष की तरह आने वाले वर्षो में भी करेगी। समिति के सचिव आशीष साहू ने बताया की समिति का गठन वर्ष 2025 के प्रथम दिवस अर्थात् 1 जनवरी 2025 को कुछ 07 उद्देश्यों को ध्यान में रख कर किया गया था जिसमे से 05 उद्देश्यों को प्रथम वर्ष के प्रयास में ही समिति के सभी सदस्यों से सहयोग से आरम्भ कर लिया गया। जो समिति के दृढ़ निश्चय को दर्शाता है। समिति के सचिव साहू ने बताया कि हमारी समिति जो कन्नौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति नाम से पंजीकृत की गयी है, वो जनमानस के कल्याण एवं देश के प्रति सदैव सच्ची निष्ठा एवं समर्पण भाव से एक सेवक के रूप में कार्यरत रहेगी। ग्रीष्म ऋतु में समिति द्वारा गौ भोग पात्र एवं सकोरा दान करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में समिति के सभी सदस्यों के गुजरे वर्ष की भांति इस वर्ष में विद्यार्थियों के लिए अध्यनोपयोगी सामग्री भेंट करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

## कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 3 फरवरी।** रायपुर जिले में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने आज पुलिस कमिश्नर रायपुर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि रायपुर शहर एवं ग्रामीण अंचलों में लगातार हत्या, लूट, मारपीट, छेड़छाड़, बलात्कार, चाकूबाजी जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हो रही है, जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। छात्र, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं व्यापारी वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अवैध सट्टा, ऑनलाइन जुआ, नशे एवं अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कई थानों में पुलिस बल की भारी कमी, लापरवाही एवं उदासीन रवैये के चलते अपराध नियंत्रण पूरी तरह विफल होता नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधि



मंडल ने मांग की कि बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने हेतु कड़ी एवं प्रभावी पुलिसिंग की जाए। जनता से चालान के नाम पर की जा रही अनावश्यक वसूली पर रोक लगाई जाए और पुलिस व्यवस्था को नागरिक सुरक्षा केंद्रित बनाया जाए।थानों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कानून व्यवस्था से जुड़ी गंभीर घटनाओं के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा और कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे छाया वर्मा प्रमोद दुबे कुलदीप जुनेजा विकास उपाध्याय सुबोध हरितवाल एजाज ढेबर प्रमोद चौबे संजय पाठक आकाश शर्मा नंदलाल देवांगन आकाश तिवारी जी श्रीनिवास बंशी कन्नौजे संदीप तिवारी उपस्थित थे।

## सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार



**रायपुर, 3 फरवरी।** अवंति विहार सेक्टर 1 खम्हारडीह स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उपेन्द्र शर्मा 52 वर्ष श्री कृष्णा लैण्ड मार्क गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी का छोटा भाई अवंति विहार सेक्टर 1 खम्हारडीह में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी के छोटे भाई आदित्य शर्मा अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ है। तभी अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# ड्यूटी दरें बढ़ने से महंगी होगी शराब

**रायपुर, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने नई आबकारी नीति में ड्यूटी दरें बढ़ा दी हैं, जिससे राजस्व ज्यादा होने का अनुमान है। अब देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब पर टैक्स ड्यूटी बढ़ा दी है। महंगी शराब पीनों वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है, अब छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी नियमों में बड़ा बदलाव किया है. राज्य सरकार ने ड्यूटी दरें बढ़ा दी हैं। नई ड्यूटी दरें छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई हैं। अब जितनी महंगी शराब होगी, उतना ज्यादा ही टैक्स देना होगा।

**विदेशी शराब पर कीमत की अलग-अलग ड्यूटी तय :** छत्तीसगढ़ में अब एक अप्रैल 2026 से शराब पर नई ड्यूटी दरें लागू होंगी। देशी और विदेशी दोनों शराब पर ड्यूटी टैक्स बढ़ा गया है। विदेशी शराब की कीमत के हिसाब से अलग-अलग ड्यूटी तय की गई है। महंगी शराब पर अब ज्यादा टैक्स देना होगा।



### फाइबर की बोतलों में शराब देने का हुआ है फैसला

इससे पहले छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने आबकारी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए शराब कांच के बोतलों की बजाए फाइबर की बोतलों में देने का फैसला किया था। यह निर्णय वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होगा। अब शराब कंपनियों को अपने पोडक्ट फाइबर की बोतलों में पैक करने होंगे। राज्य सरकार का मानना है कि इससे दुकान में कांच की बोतलों के टूटने का खतरा कम होगा, इसके अलावा वित्तीय नुकसान भी कम होने की उम्मीद है।

## टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




**रायपुर, 3 फरवरी।** उपरवारा स्थित आयुष विश्वविद्यालय के पास टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में राखी थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ओमकार साहू 35 वर्ष ग्राम भैंसबोड़ का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि ओमकार साहू अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी उपरवारा स्थित आयुष विश्वविद्यालय के पास टैंकर क्रमांक सीजी 09 बी 0799 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे ओमकार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सीजीपीएससी टॉपर रही अनिता सोनी का निधन

**रायपुर, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग राज्य सेवा परीक्षा 2018 की टॉपर रहीं सुश्री अनिता सोनी के आकस्मिक निधन की खबर ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। राज्य वित्त सेवा की एक अत्यंत काबिल और ईमानदार अधिकारी के रूप में पहचानी जाने वाली अनिता सोनी के निधन से न सिर्फ उनका परिवार, बल्कि पूरा प्रशासनिक और शैक्षणिक जगत गहरे शोक में डूब गया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मिली जानकारी के अनुसार, अनिता सोनी इन दिनों स्टडी लीव पर थीं। जानकारी के मुताबिक फरीदाबाद में पढ़ाई के दौरान उन्हें पीलिया हो गया। पीलिया के इलाज के लिए फरिदाबाद के फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बीमारी बढ़ती ही गई। बीते 50 दिनों तक वह आईसीयू में भर्ती रही। लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ती चली गयी।



**आयोजन** | ग्राहकों की उमड़ी भीड़, 14 दिनों में रिकॉर्ड 27, 500 वाहनों की बिक्री

# राडा ऑटो एक्सपो में पिछले वर्ष की बिक्री का टूटा रिकॉर्ड

**रायपुर, 3 फरवरी।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में जारी राडा ऑटो एक्सपो जैसे-जैसे अंतिम पड़ाव में जा रहा है, ग्राहकों की भीड़ और ज्यादा उमड़ती जा रही है। 14 दिनों में रिकॉर्ड 27, 500 वाहनों की बिक्री हो गई, वहीं पिछले वर्ष पूरे माहभर में 24500 वाहनों की बिक्री हुई थी। इस वर्ष हुई रिकॉर्ड बिक्री की खुशी एक्सपो स्थल पर केक काटकर मनाई है। इस मौके पर राडा के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। राडा के पदाधिकारियों का कहना है कि रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट के साथ वाहन खरीदने का सुनहरा अवसर अब सिर्फ 3 दिन है। अभी वाहनों की खरीदारी नहीं की तो छूट का यह अवसर फिर कभी नहीं आएगा। राडा ऑटो एक्सपो और वाहनों कंपनियों के डीलरों के शो रूम में सोमवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एक्सपो को अब गिनती के दिन बचे होने की वजह से ग्राहक जल्द से जल्द खरीदी करने की हड़बड़ी में नजर आए।




**यह मौका नहीं आएगा दोबारा:** राडा पदाधिकारियों का कहना है कि राडा ऑटो एक्सपो में 50 प्रतिशत रोड टैक्स की छूट और कंपनियों के शानदार ऑफर के साथ में देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों के नवीनतम मॉडल, लक्जरी गाड़ियां खरीदने का मौका दोबारा नहीं आएगा। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन विवेक गर्ग ने बताया कि एक्सपो में अपनी मनपसंद गाड़ियां चुन सकते हैं।

**50 प्रतिशत की छूट का मौका अब सिर्फ 3 दिन :** राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन और उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि राडा ऑटो एक्सपो 26 के लिए छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी है। इस छूट का लाभ लेने से ना चूके। 5 फरवरी तक ही रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का फायदा ले सकते हैं।

### एक्सपो स्थल पर एक ही जगह सभी सुविधाएं

राडा ऑटो एक्सपो स्थल पर एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं ग्राहकों को मिल रही है। एक्सपो स्थल पर अस्थायी आरटीओ कार्यालय बनाया गया है। आरटीओ के अधिकारियों के साथ में उनकी टीम मौजूद रहती है और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद मौके पर ही वाहनों का पंजीयन करती है। वाहन एचएसआरपी प्लेट लगकर निकल रहे हैं। राडा पदाधिकारियों ने बताया कि एचएसआरपी लगाने के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

# लोककला की सांस्कृतिक झांकियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**रायपुर, 3 फरवरी।** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुड़मुड़ा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय लोक कला महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी और राहुल टिकहरियां युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला, लोक संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना की कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और सांस्कृतिक झांकियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से लेकर दर्शक दीर्घा तक पूरे परिसर में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। इसके पश्चात भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आनंदगाँव पहुँचे, जहाँ आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में भी उन्होंने सहभागिता की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26